योग्यता के मानक		• मनोनीत व्यक्ति मनोनयन तिथि को जीवित हो • मनोनीत व्यक्ति कम से कम पिछले पांच वर्षों से प्रासंगिक क्षेत्र मे कार्य कर रहा हो • मनोनीत व्यक्ति की प्रासंगिक क्षेत्र मे उपलब्धि का स्पष्ट प्रमाण हो • मनोनीत व्यक्ति की उपलब्धियों की पुष्टि की जाएगी तथा यह निष्पक्ष मूल्यांकन के अधीन होगा • उन महिला या पुरूषों को वरीयता दी जाएगी जो जीवन मे कठिन संघर्ष तथा विपत्तियों को झेलते हुए उभर कर आये हैं
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		उपर्युक्त सभी पुरस्कार मे 3 लाख रूपये का नकद इनाम तथा सम्मान पत्र दिया जाता है। पुरस्कार व्यक्तिगत रूप से पुरस्कृत व्यक्ति को ही दिया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पुरस्कृत व्यक्तियों को नियमानुसार यात्रा तथा भत्ता प्रदान करती है।
आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया		केन्द्र सरकार स्तर पर प्रमुख व्यक्तियों के नामांकन के लिए आवेदन राज्य सरकार के मुख्य सचिवों के द्वारा प्रमुख समाचार पत्रों मे विज्ञापन जारी किया जाता है। विज्ञापन मे मानक योग्यता तथा पुरस्कार के क्षेत्र के विषय मे संक्षेप मे दिया गया होता है।महिला एवं बाल विकास मंत्रालय गैर

	सरकारी संस्थानों, महिला विकास निगम, राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर महिला आयोग आदि से राज्य सरकार तथा संघ शासन के माध्यम से भी पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। प्रत्येक राज्य सरकार को अपनी स्वयं की जॉच समिति स्थापित करने का निर्देश दिया जाता है जिसमे कि राज्य महिला आयोग, राज्य समाज कल्याण परामर्श मण्डल, महिला विकास के सचिव तथा 2–3 गैर सरकारी संगठनों जो कि इस क्षेत्र मे कार्य कर रहे हों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह जांच समिति मनोनयन के लिए नाम आमंत्रित करेगी तथा जांच के बाद चुने गए सूची से 6 नामांकनों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेजेगी। प्राप्त मनोनीतों को राष्ट्रीय स्तर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री के नेतृत्व मे गठित चयन समिति द्वारा जांच की जाएगी। राष्ट्रीय चयन समिति स्वयं के निर्देशोंके अनुसार अपने स्वविवेक से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित व्यक्तियों के अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए भी विचार कर सकती है।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	कार्यालय द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	ये पुरस्कार आम तौर पर प्रत्येक वर्ष दिल्ली मे अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अर्थात 8 मार्च को प्रदान किये जाते हैं।
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

4	परियोजना का नाम	स्वयं सिद्धा		
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली		
परियोजना के लिए प्रमुख अधिकारी का नाम, पदनाम एवं पता		(मिर्जापुर के लिए) **श्री पुनीत टण्डन** जिला परियोजना अधिकारी टेलीफोन नं0: 9453315422 फैक्स नं0: 05442–253599	(भदोही जौनपुर के लिए) **श्री जवाहर लाल** जिला परियोजना अधिकारी टेलीफोन नं0: 9919649647	(सोनभद्र के लिए) **श्री एन0 पी0 सिंह** जिला परियोजना अधिकारी टेलीफोन नं0: 9454097321
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		स्वयं सिद्धा चरण–2 अप्रैल 2008 से 10 वर्षो के लिए प्रभावी है।		
परियोजना का विवरण		यह योजना स्वयं सहायता समूहों के गठन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की एक समन्वित योजना है। योजना का दीर्धकालिक उद्देश्य महिलाओं को विभिन्न जारी योजनाओं मे उनकी पहुंच सुनिश्चित कर,संगठन के सतत् प्रकिया के माध्यम से संशाधनों पर नियंत्रण करके उनके सम्पूर्ण विकास, विशेष रूप से समाजिक तथा आर्थिक विकास, से है। इसके तत्कालिक उद्देश्य निम्न हैं • आत्म निर्भर स्वयं सहायता समूहों की स्थापना करना • स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों मे महिलाओं के स्तर, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सफाई तथा स्वास्थ्य विज्ञान, विधिक अधिकार, आर्थिक उत्थान, तथा अन्य समाजिक और राजनैतिक मुद्दों के विषय मे जागरूक करना तथा उनका आत्मविश्वास बढ़ाना • ग्रामीण महिलाओं मे आर्थिक संसाधनों के नियंत्रण पर, तथा उनके बचत की आदत को मजबूत और संस्थागत बनाना • सूक्ष्म ऋण तक पहुंच को बेहतर बनाना • स्थानीय स्तर के नियोजन मे उनका सम्मिलित होना • महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न अभिकरणों के साथ समावेश करके विभिन्न योजनाओं की डिलीवरी एक खिड़की से करना • महिला सशक्तिकरण के लिए सब्सिडी रहित नजरिये को प्रमोट करना		
मानक योग्यता		स्वयं सहायता समूह		
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		**समूह संगठन/मोबिलाइजेशन गतिविधियां** प्रत्येक खण्ड मे परियोजना कियान्वयन एजेन्सी औसतन उप गॉव/ गॉव स्तर पर 100 स्वयं सहायता समूहों के गठन करेंगे तथा प्रत्येक सफल स्वयं सहायता समूहों के लिए रूपये 2,750 का मानदेय प्राप्त करेंगें। **प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास** सरकारी/परियोजना कियान्वयन एजेंसी और स्वयं सहायता समूहों दोनो का प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास **समुदाय आधारित इनोवेटिव कार्य** इस परियोजना का एक इनोवेटिव पक्ष यह है कि इसमें छोटे समुदाय आधारित इनोवेटिव कार्य जिसमें छोटे कार्य सामुदायिक एसेट बनाने के लिए एसएचजी द्वारा समूह बनाने/मजबूत करने के लिए किए जायेंगें। इसके लिए प्रति ब्लाक 6 लाख रुपये भारत सरकार का हिस्सा उपलब्ध होगा। एसएचजी को परियोजना का 40 प्रतिशत लागत अपने समूह के योगदान के रुप में देना होगा परंतु वे सरकार के किसी और योजनाओं के साथ जुड़ सकते हैं। **महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्य योजनाओं के साथ समन्वय** परियोजना कियान्वयन एजेंसी समन्वित परियोजना जमा करेंगीं जिसमें न केवल एसएचजी निर्माण के मुख्य बिंदु होंगें बल्कि इस विभाग के अन्य योजनाओं को भी शामिल करेंगें।		
आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया		राज्य सरकार इस योजना के कियान्वयन के लिए नोडल विभाग की पहचान करेगी और नोडल विभाग के माध्यम से योजना का कियान्वयन करेगी। नोडल विभाग ब्लाक स्तर कियान्वयन एजेंसी की पहचान करेगी जो परियोजना कियान्वयन एजेंसी कहलायेगी।परियोजना कियान्वयन एजेंसी ब्लाक स्तर के परियोजना जमा करेगी जिसमें न केवल एसएचजी निर्माण के मुख्य बिंदु होंगें बल्कि इस विभाग की अन्य योजनाएं भी शामिल होंगीं। ये समन्वित योजनाएं 4 से 5 वर्ष की अवधि के होंगें।		
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		कार्यालय द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना।		
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा				
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)				

5 **परियोजना का नाम**	**उद्यमिता विकास योजना प्रगतिपरक सेवाओं, संस्थाओं और कार्यक्रमों के तहत (आईएमसी/ ईडीपी/ईएसडीपी/एमडीपी)**
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम	विकास आयुक्त कार्यालय सूक्ष्म,लधु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली
परियोजना के लिए प्रमुख अधिकारी का नाम, पदनाम एवं पता	मिर्जापुर **श्री के डी मिश्रा** मीरजापुर महाप्रबन्धक , डीआईसी टेलीफोन नं0: 05442, 245569 जौनपुर उपलब्ध नहीं संत रविदास नगर **श्री उमेश सिंह** भदोही महाप्रबन्धक, डीआईसी टेलीफोन नं0: 05414, 2366402 फैक्स: 2251045 सोनभद्र **श्री ऋषि राजा गोयल** सोनभद्र महाप्रबन्धक डीआईसी टेलीफोन नं0: 05444, 224043
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	परियोजना अनवरत रुप से जारी है
परियोजना का विवरण	सूक्ष्म, लधु एवं मध्यम उद्योग विभाग, उद्यमियों के तकनीकी तथा प्रबन्धकीय ज्ञान और कौशल विकास के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करती है ताकि वे विभिन्न क्षेत्रों मे सूक्ष्म एवं लधु उद्योगों को स्थापित कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न विषयों पर होते है। 1. औद्योगिक उत्प्रेरक अभियान 2. औद्योगिक विकास परियोजना 3 उद्यम कौशल विकास कार्यक्रम 4. प्रबन्धन विकास कार्यक्रम उद्यमिता विकास कार्यक्रम के विषय सामग्री को उत्पाद प्रक्रिया, रूप, निर्माण कार्य, परीक्षण और गुणवत्ता नियामक, उपयुक्त मशीन तथा उचित उपकरणों का उपयोग, परियोजना का प्रारूप तैयार करना तथा विपणन के क्षेत्र मे तकनीकी, उत्पाद सेवाओं के मूल्य, निर्यात के अवसरों, उपलब्ध संरचनात्मक सुविधायें, वित्त एवं वित्तीय संस्थाओं आदि पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए बनाया गया है। उद्यम कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत अध्ययन सामग्री में मशीन शाप अभ्यास, हीट ट्रीटमेंट, इलेक्ट्रो प्लेटिंग, शीट मेटल वेल्डिंग, उपकरण एवं डाई निर्माण, ग्लास एवं सेरेमिक्स औद्योगिक एवं आर्टवेयर्स सूचना प्रविधि, हार्डवेयर रखरखाव, रत्नों की नक्कासी तथा चमकाना, साबुन तथा डिटर्जेंट, चर्म उत्पाद तथा नवीनता के उत्पाद, जड़ीबूटीयुक्त सौंदर्य प्रसाधन, इलेक्ट्रानिक उत्पाद तथा धरेलू इलेक्ट्रानिक उपकरणों के रखरखाव तथा मरम्मत, मोबाईल मरम्मत तथा सौन्दर्य प्रसाधन,टूर आपरेटर आदि सम्मिलित हैं। प्रबन्धकीय विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत अध्ययन सामग्री मे औद्योगिक प्रबन्धन, मानव संसाधन प्रबन्धन, विपणन प्रबन्धन, वित्तीय प्रबन्धन, निर्यात प्रबन्धन तथा दस्तावेजीकरण, सूचना प्रौद्योगिकी एवं निर्यात, आई एस ओ 9000, विश्व व्यापार संगठन, बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार आदि हैं।
योग्यता के मानक	प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष है। अधिकतम आयु सीमा को निर्धारित नहीं किया गया है। विज्ञापन में प्रशिक्षण कार्यक्रम को ध्यान रखते हुए किसी विशेष प्रशिक्षण मे भाग लेने की पात्रता को उल्लिखित किया जाता है तथा कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला/शारीरिक रूप से अक्षम आदि) को प्राथमिकता दिया जाता है।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	कुल लक्षित ईडीपी/ ईएसडीपी का 20 प्रतिशत विशेषतौर से समाज के दुर्बल वर्गों (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिलाओं/ शारीरिक रूप से अक्षम) के लिए आयोजित किया जाता है जिसमें प्रत्येक अभ्यर्थी को 125 रूपये प्रति सप्ताह का वजीफा दिया जाता है। वजीफा केवल उन अभ्यर्थियों को दिया जाएगा जिनकी कम से कम 80 प्रतिशत उपस्थिति हो और उनको प्रमाणपत्र दिया गया हो। ऐसे अभ्यर्थी जो प्रशिक्षण काल मे कुछ दिन अनुपस्थित रहे हों परन्तु अन्यथा योग्य हों उनको यथानुपात वजीफा दिया जाएगा।
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	समाचार पत्रों तथा कार्यालय के वेबसाइटों के द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। चयन समिति अभ्यर्थियों का चयन उनके योग्यता, अनुभव तथा पाठ्यक्रम के पात्रता के आधार पर करती है।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	विकास आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	प्रशिक्षण के समापन पर प्रत्येक योग्य अभ्यर्थी को 125 रूपये प्रति सप्ताह के दर से यथानुपात वजीफा दिया जाता है।
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

6	योजना का नाम	प्रौद्योगिकी उन्नयन के लिए क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी परियोजना
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		विकास आयुक्त कार्यालय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्रालय, नई दिल्ली
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम		मिर्जापुर **श्री के डी मिश्रा** मिर्जापुर महाप्रबन्धक , डीआईसी टेलीफोन नं0: 05442, 245569 जौनपुर उपलब्ध नही संत रविदास नगर **श्री उमेश सिंह** भदोही महाप्रबन्धक, डीआईसी टेलीफोन नं0: 05414, 2366402 फैक्स: 2251045 सोनभद्र **श्री ऋषि राजा गोयल** सोनभद्र महाप्रबन्धक डीआईसी टेलीफोन नं0: 05444, 224043
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		
परियोजना का विवरण		इस योजना के लिए निम्नलिखित उत्पादों/उपक्षेत्रों मे अच्छी तरह से स्थापित और सुधार योजना के तहत अनुमोदित प्रौद्योगिकियों को शामिल होने के लिए 12 प्रतिशत की पूंजीगत सब्सिडी उपलब्ध कराने के द्वारा लघु उद्योग इकाइयों के प्रौद्योगिकी उन्नयन की सुविधा प्रदान की जाती है 1. जैव तकनीकी उद्योग 2. रिसने वाला आम उपचार संयत्र 3. नालीदार बक्से 4. ड्रग्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स 5. रंजक एवं मध्यवर्ती 6. औषधि और सुगन्धित पौधों पर आधारित उद्योग 7. प्लास्टिक के ढ़ांचे एवं निष्कासित उत्पाद एवं भाग/घटक 8. रबर प्रसंस्करण सहित/साइकिल रिक्सा टायर्स 9. खाद्य प्रसंस्करण (आइस्क्रीम विनिर्माण सहित) 10. पोल्ट्री, हैचरी एवं मवेशी चारा उद्योग 11. आयाम पत्थर उद्योग/ डायमेंसनल स्टोन इंडस्ट्री (उत्खनन और खनन को छोड़कर) 12. ग्लास और सिरेमिक आइटम टाइलें सहित 13. जूते, चमड़ा तथा चर्म उत्पाद परिधान सहित 14. इलेक्ट्रानिक उपकरण अर्थात परीक्षण मापने एवं संयोजित करने/बनाने, औद्योगिक प्रक्रिया नियंत्रण विश्लेषणात्मक, चिकित्सा, इलेक्ट्रानिक उपभोक्ता और संचार उपकरण आदि 15. पंखा और मोटर उद्योग 16. सामान्य प्रकाशिक सेवा लैंप 17. सूचना प्रौद्योगिकी 18. खनिज युक्त हीटिंग एलीमेंट्स 19. ट्रांसफार्मर्स/इलेक्ट्रीकल स्टैम्पिंग्स/लेमिनेशन्स/ क्वायल्स/चोक्स सालेन्वायड क्वायल सहित 20. तार एवं केबल उद्योग 21. आटो पार्ट्स एवं घटक 22. साइकिल पार्ट्स 23. दहन उपकरण/युक्तियां 24. फोर्जिंग और हाथ उपकरण 25. इस्पात एवं कच्चा लोहा ढलाई 26. जनरल इंजीनियरिंग वर्क्स 27. गोल्ड प्लेटिंग और आभूषण 28. ताले 29. स्टील फर्नीचर 30. खिलौने 31. अलौह फाउंडरी 32. खेल का सामान 33. सौंदर्य प्रसाधन 34. रेडीमेड वस्त्र 35. लकड़ी के फर्निचर 36. मिनरल वाटर के बोतल 37. पेंट,वार्निस, अल्कायड एवं अल्कायड उत्पाद 38. कृषि औजार एवं पोस्ट हार्वेस्ट उपकरण 39. ग्रेफाइट एवं फास्फेट की लाभकारी 40. खादी एवं ग्रामीण उद्योग

	41. क्वायर एवं क्वायर उत्पाद 42. स्टील पुनः रोलिंग/पिंड पेंसिल उत्पाद उद्योग 43. जिंक सल्फेट 44. वेल्डिंग इलेक्ट्रोड 45. सिलाई मशीन उद्योग
मानक योग्यता	पूर्ण स्वामित्व, हिस्सेदारी, सहकारी समिति, एसएसआई सेक्टर मे प्राइवेट एवं पब्लिक लिमिटेड कंपनी, महिला उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी। <u>योजना के तहत कवर किये जाने वाले ईकाईयों के प्रकार</u> • मौजूदा लधु उद्योग राज्य उद्योग निदेशालय के साथ पंजिकृत हों, जो नवीन प्रौद्योगिकी के साथ उन्नयन करें, विस्तार के साथ या विस्तार के बिना। • नई लघु उद्योग इकाइयां, जो राज्य उद्योग निदेशालय के साथ पंजीकृत हैं और जिन्होंनेअपने सुविधाओं की स्थापना उपयुक्त पात्र और प्रमाणित जीटीएबी द्वारा अनुमोदित प्रोद्योगिकी के साथ ही किया है।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	• इस योजना के तहत पूंजी सब्सिडी केवल ऐसी परियोजनाओं के लिए ही उपलब्ध होगीजिन्हें मियादी ऋण पात्र पीएलआई (पात्र अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको, पात्र क्षेत्रीय ग्रमीण बैंक, एनएसआईसी, एसएफसी और एनईडीएफआई) द्वारा 1 अक्टूबर 2000 को या उसके बाद मंजूर की गयी हैं। एनएसआईसी की किराये पर खरीद योजना के तहत खरीदी मशीनरी भी सब्सिडी के लिए पात्र है • मामले जो पुनर्वित्त योजना के तहत प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण निधि (सिडबी के आरटीडीएम)में शातिल हैं भी पूंजीगत सब्सिडी के लिए पात्र हैबशर्ते वे सीएलसीएसएस के तहत निर्धारित अनुरूप को पूरा करते हैं • उद्योग जो सीएलसीएसएस के तहत अतिरिक्त ऋण की मंजूरी के कारण छोटे पैमाने से मध्यम पैमाने के हो जाते हैं भी सहायता के लिए पात्र होंगे • श्रम गहन/या निर्यातोन्मुख नये क्षेत्रों/गतिविधियों को भी इस परियोजना के अन्तर्गत शामिल करने का विचार किया जाएगा
आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया	
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	आर्थिक रूप से व्यावहारिक प्रस्ताव
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

<table>
<tr><td>7 योजना का नाम</td><td colspan="4">सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसईसीडीपी)</td></tr>
<tr><td>विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम</td><td colspan="4">विकास आयुक्त कार्यालय
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली</td></tr>
<tr><td>परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम</td><td>मिर्जापुर
श्री के डी मिश्रा
मिर्जापुर
महाप्रबन्धक , डीआईसी
टेलीफोन नं0: 05442, 245569</td><td>जौनपुर
उपलब्ध नही</td><td>संत रविदास नगर
श्री उमेश सिंह
भदोही
महाप्रबन्धक, डीआईसी
टेलीफोन नं0: 05414, 2366402
फैक्स: 2251045</td><td>सोनभद्र
श्री ऋषि राजा गोयल
सोनभद्र
महाप्रबन्धक डीआईसी
टेलीफोन नं0: 05444, 224043</td></tr>
<tr><td>परियोजना की अवधि
(प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)</td><td colspan="4">परियोजना अनवरत रुप से जारी है।</td></tr>
<tr><td>परियोजना का विवरण</td><td colspan="4">सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगमंत्रालय भारत सरकार ने देश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों तथा उनके समूहों की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता मे बढ़ोत्तरी करने तथा उनकी क्षमता निर्मित करने के लिए मुख्य कार्यनीति के रूप मे क्लस्टर तरीके को अपनाया है। यूनिटों का क्लस्टर विभिन्न सेवाओं के प्रदाताओं को अनेक सुविधायें उपलब्ध कराता है जिनमें बैंक और क्रेडिट एजेंसियां शामिल है, जिससें वे मितव्ययिता से अपनी सेवायें प्रदान कर सकें और इस प्रकार इन उद्यमियों की लागत घटा सके और सेवाओं की उपलब्धता मे सुधार कर सके।

योजना का उद्देश्य
• एमएसई से सम्बन्धित सामान्य विषयों जैसे कि प्रौद्योगिकी कौशलों और गुणवत्ता मे सुधार, बाजार तक पहुंच, पूंजी तक पहुंच, आदि का समाधान करके उनकी उपयोगिता और वृद्धि मे सहयोग देना
• स्वयं सहायता समूहों, संगठनों के गठन, संघों के उन्नयन आदि के माध्यम से सामान्य सहयोगी कार्यो के लिए एमएसई की क्षमता निर्मित करना
• नए/मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों/एमएसई के क्लस्टर में आधारभूत संरचना सुविधायें सृजित करना उन्नत करना
• सामान्य सुविधा केंद्रों की स्थापना करना (परीक्षण प्रशिक्षण केंद्र, कच्चे माल के डिपो, एफ्लुएंट ट्रीटमेंट उत्पादन प्रक्रियाओं मे सहायक बनने आदि हेतु)</td></tr>
<tr><td>मानक योग्यता</td><td colspan="4">सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग</td></tr>
<tr><td>परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण</td><td colspan="4">परियोजना के अंतर्गत निम्न कार्य होंगें

<table><tr><td>कार्याकलाप</td><td>कार्यान्वयन एजेंसी</td></tr><tr><td>निदानात्मक अध्ययन
साफ्ट इंटरवेंशन
सीएफसी की स्थापना</td><td>• सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
• राज्य सरकारों के कार्यालय
• सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के क्षेत्र मे संलग्न राष्ट्रीय तथा अर्न्तराष्ट्रीय संस्थान
• सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा अनुमोदित कोई अन्य संस्थान</td></tr><tr><td>अवसंरचना विकास परियोजना</td><td>ऐसी परियोजनाओं के कार्यान्वयन मे अच्छे ट्रैक रिकार्ड वाली राज्य सरकार के उपयुक्त एजेंसी के माध्यम से राज्य /संघ शासित क्षेत्र सरकार।</td></tr></table>
परियोजना की लागत तथा भारत सरकार की सहायता
• निदानात्मक अध्ययन –अधिकतम लागत 2.5 लाख रूपये
• साफ्ट इंटरवेंशन परियोजना का अधिकतम लागत 25 लाख रूपये जिसमे भारत सरकार का अंशदान 75 प्रतिशत (50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं/सूक्ष्म/ ग्रामीण/अनुसूचित जाति/जनजाति वाली यूनिटों के क्लस्टरों के लिए 90 प्रतिशत)
• उत्पादक से अंतिम उपभोक्ता तक प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण को सुगम बनाना
• नई/विद्यमान औद्योगिक परिसम्पत्तियों/क्षेत्रों मे अवसंरचना विकास
अधिकतम पात्रता परियोजना लागत 10 करोड़ रूपये जिसमें भारत सरकार का अंशदान 60 प्रतिशत (विशेष श्रेणी के राज्यों तथा 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं/सूक्ष्म/ ग्रामीण/ अनुसूचित जाति/जनजाति वाली यूनिटों के क्लस्टरों के लिए 80 प्रतिशत)</td></tr>
<tr><td>आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया</td><td colspan="4">एमएसएमई –सीडीपी के तहत विचार करने के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार अथवा उसके स्वायत्तशासी निकाय अथवा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के फील्ड संस्थानों अर्थात एमएसएमई –डीआई को भेज सकते हैं।</td></tr>
<tr><td>प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज</td><td colspan="4">आर्थिक रूप से व्यावहारिक प्रस्ताव</td></tr>
<tr><td>समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा</td><td colspan="4"></td></tr>
<tr><td>शिकायत निवारण प्रणाली
(यदि लागू हो)</td><td colspan="4"></td></tr>
</table>

8	**योजना का नाम**	**महिलाओं के लिए व्यापार संम्बन्धित उद्यमिता विकास योजना**			
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		विकास आयुक्त कार्यालय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली			
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम		मिर्जापुर **श्री के डी मिश्रा** मिर्जापुर महाप्रबन्धक , डीआईसी टेलीफोन नं0: 05442, 245569	जौनपुर उपलब्ध नही	संत रविदास नगर **श्री उमेश सिंह** भदोही महाप्रबन्धक, डीआईसी टेलीफोन नं0: 05414, 2366402 फैक्स: 2251045	सोनभद्र **श्री ऋषि राजा गोयल** सोनभद्र महाप्रबन्धक डीआईसी टेलीफोन नं0: 05444, 224043
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		परियोजना अनवरत रुप से जारी है।			
परियोजना का विवरण		संसाधनों पर नियंत्रण एवं पहुंच के सम्बन्ध मे हमारे देश मे महिलायें सबसे अधिक अलाभान्वित तथा दलित रहीं हैं। उनके द्वारा सामना की जा रहीं समस्याएं और भी कठिन होती जा रही हैं विशेषतः उन महिलाओं के लिए जो ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के अशिक्षित तथा अर्द्ध शिक्षित है। उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए भारत सरकार ने ''व्यापार संबंधी उद्यमिता सहयोग एवं विकास (TREAD)'' नाम से एक परियोजना चलाया है। योजना व्यापार सम्बन्धित प्रशिक्षण सूचना, तथा परामर्श व्यापार से सम्बन्धित उत्पाद एवं सेवाओं का विस्तार आदि के माध्यम से ऐसी महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण करने का विचार करती है। चूंकि महिलाओं को आसानी से ऋण प्राप्त नहीं हो पाता है इसलिए यह विचार किया गया है कि महिला अभ्यर्थियों को एनजीओ के माध्यम से ऋण प्रदान किया जाएगा जो वित्त का उचित रूप से प्रबन्धन कर सके। ये एनजीओ केवल ऋण के वितरण को ही नहीं प्रबन्ध करेंगे बल्कि ऋण के लिए जरूरतमंद महिलाओं को बाजार के विकास मे सहायक होने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण तथा सलाह भी प्रदान करेंगे।			
मानक योग्यता		ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की अशिक्षित तथा अर्द्ध शिक्षित महिलाएं			
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		• ऋण प्रदान करने वाली संस्था के मूल्यांकन के आधार पर परियोजना के लागत का 30 प्रतिशत सरकार अनुदान के रुप में तथा बचे हुए 70 प्रतिशत को संस्था ऋण के रूप मे सहायता प्रदान करती है ऐसी महिलाओं को जिनको बैंक के जटिल प्रक्रियाओं के कारण, अशिक्षित तथा अर्ध शिक्षित होने के कारण, सुरक्षा के तौर पर बैंक द्वारा मांगे जाने वाले प्रतिभूति का प्रबन्धन न कर पाने के कारण लोन लेने मे कठिनाई होती है। • भारत सरकार का अनुदान तथा लोन प्रदान करने वाली एजेंसी से लोन हिस्से को योग्य एनजीओ के माध्यम से जो कि गरीब महिलाओं की किसी भी प्रकार के गैर कृषि क्षेत्र के आय सृजन गतिविधियों मे लगाकर सहायता प्रदान करती है के माध्यम से दिया जाएगा। • प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं जैसे – सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई), उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई), एनआईएसआईइटी और ऐसे एनजीओ जो कि महिलाओ के सशक्तीकरण के लिए योजनओं के अन्तर्गत चिन्हित किये गये लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं को प्रत्येक कार्यक्रम के लिए 1 लाख रूपये तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा बशर्ते ऐसी संस्थायें अपना हिस्सा भी लगायें जो कि सरकार के अनुदान का न्यूनतम 25 प्रतिशत (एनईआर के सम्बन्ध मे यह 10 प्रतिशत)हो। ऐसी प्रशिक्षण गतिविधियों के लिए बैच मे कम से कम 20 प्रतिभागी हों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि न्यूनतम 1 माह होगी। • संस्थायें जैसे उद्यमिता विकास संस्था (ईडीआई), एनआईएमएसएमई, एनआइईएसबीयूडी, आइआइई, एमएसएमई–डीआइज ईडीआईज आदि को राज्य सरकार प्रायोजित करती है तथा कोई भी योग्य प्रख्यात संस्था जो महिलाओं को सशक्तीकरण के लिए गतिविधियों जैसे फिल्ड सर्वे, रिसर्च अध्ययन, मूल्यांकन अध्ययन, प्रशिक्षण कार्य्रक्रमों का डिजाईन आदि जो योजना के तहत आते हैं, तैयार करते हैं को आवश्यकतानुशार सरकारी अनुदान प्रदान किया जाएगा। सरकारी अनुदान प्रत्येक योजना के लिए 5 लाख रूपये तक सीमित है।			
आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया		इच्छुक संस्थायें ऐसी सहायताओं के लिए सम्बन्धित एमएसएमई –डीआई से विदित प्रारूप मे सीधे आवेदन कर सकते हैं सभी आवश्यक प्रासंगिक विवरण के साथ आवेदन पत्र की एक कापी डीसी –एमएसएमई कार्यालय मे जमा कर सकते हैं।			
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		आर्थिक रूप से व्यावहारिक प्रस्ताव			
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा					
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)					

9	परियोजना का नाम	समन्वित हथकरघा विकास योजना (आईएचडीएस)
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		विकास आयुक्त कार्यालय बुनाई/कपड़ा उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली
परियोजना के लिए प्रमुख अधिकारी का नाम, पदनाम एवं पता		**श्री सुरेन्द्र कुमार** अनु सचिव कक्ष संख्या–400 श्री लाल बहादुर शास्त्री भवन, उ0 प्र0 सचिवालय, लखनऊ टेलीफोन नं0: 0522–2215172 मोबाइल नं0: 9454412987
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		परियोजना 11वें योजना काल के दौरान से लागू
परियोजना का विवरण		परियोजना के मुख्य उद्देश्य हैं • किसी चयनित हथकरघा क्लस्टरों मे एक दृष्य उत्पादक समूह के रूप मे हथकरघा बुनकरों के समुदाय के गठन पर जोर देना • हथकरघा बुनकर समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहायता प्रदान करना • बुनकरों की आन्तरिक तथा बाह्य दोनो रूप में सहकारिता बनाने की पहल करना • हथकरघा बुनकरों का कौशल उन्नयन करना जिससे कि बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार वो विभिन्न तथा उत्कृष्ट गुणवत्ता के उत्पादों का उत्पादन करें • बुनकरों को यथोचित कारखाना प्रदान करना जिससे कि वे उत्कृष्ट उत्पादकता के साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का उत्पादन कर सकें • उत्पादन के प्रबन्धन, बनावट, तथा विपणन के लिए उद्यमियों डिजाईनरों तथा व्यवसायियों को जोड़कर उत्पादन को बाजारोन्मुखी बनाना • वित्तीय संस्थानों/बैंको से ऋण की प्रक्रिया को सरल बनाना • सम्पूर्ण तथा लचीली/परिवर्तनीय हस्तक्षेप जिससे कि प्रत्येक समुदाय/समूह के आवश्यकतानुशार सामग्रियों को प्रदान किया जा सके
योग्यता के मानक		ऐसे क्लस्टर जिनमें प्रति क्लस्टर 300 से 500 तक हथकरधा हो। कियान्वयन एजेंसियां राज्य सरकार के कार्यालय हो सकती है जैसे– हथकरघा तथा समन्वित कार्यालय के निदेशक, राज्य हथकरघा निगम, एपेक्स सोसायटी, एनजीओ (राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित तथा हतकरघा विकास आयुक्त द्वारा अनुमोदित)।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		प्रत्येक क्लस्टर को अधिकतम सहायता 60 लाख तक प्रदान की जाएगी जो कि तीन वर्ष तक परियोजना अवधि के लिए निम्न उपघटको के अनुसार होगी • बेसलाईन सर्वेक्षण, नैदानिक अध्ययन तथा स्वयं सहायता समूहों के गठन के लिए– 1,25,000 रूपया (एक बार के लिए) • सहायता संघ के निर्माण के लिए– 50,000 रूपया (एक बार के लिए) • धागा गोदाम के लिए कार्पस निधि– 50,000 रूपया (एक बार के लिए) • डिजाईन विकास तथा उत्पाद विविधता के लिए (50 प्रतिशत लाभार्थी हिस्सा) o कम्प्यूटर एडेड टेक्सटाइल डिजाईन व्यवस्था की खरीद, रंग पूर्वानुमान,प्रवृत्ति पूर्वानुमान आदि– 3,00,000 रूपया (एक बार के लिए) o तीन वर्ष के लिए डिजाईनर को नियुक्त करना – 6,00,000 रूपया • सामान्य सुविधा केंद्र (परियोजना की कुल लागत पर 50 प्रतिशत की सीमा) – 30,00,000 रूपया (एक बार के लिए) • विज्ञापन और विपणन (परियोजना की कुल लागत पर 20 प्रतिशत की सीमा– 25 प्रतिशत लाभार्थी योगदान) o विज्ञापन, विवरण पुस्तिका, नामावली –6,00,000 (तीन वर्ष की अवधि में) o तीन प्रदर्शनियों/ मेलों के आयोजन के लिए – 6,00,000 (तीन वर्ष की अवधि मे) o छः क्रेता–विक्रेता सम्मेलन –6,00,000 (तीन वर्ष की अवधि में) o बजार सर्वेक्षण/सूचना– 1,00,000 रूपया (एक बार के लिए) o जागरूकता तथा एक्सपोजर विजिट 3,000 रूपये प्रति बुनकर की दर से – 3,00,000 (तीन वर्ष की अवधि मे)

	o बेबसाइट के विकास तथा उपयोग के लिए – 25,000 रूपया (एक बार के लिए) • कियान्वयन एजेन्सी के लिए परियोजना प्रबन्धन की लागत – 7,20,000 रूपया तीन वर्ष के लिए (2,40,000 रूपया प्रति वर्ष की दर से)
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	राज्य सरकार समुदायों के बेसलाईन सर्वे तथा नैदानिक अध्ययन के लिए संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित करती है जिसे राज्य स्तरीय परियोजना समिति द्वारा सूक्ष्म निरीक्षण कर हथकरघा विकास आयुक्त कार्यालय को सौंपा जाएगा
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	क्लस्टर विकास कार्यक्रम के लिए बेसलाईन सर्वे और नैदानिक अध्ययन का परियोजना रिपोर्ट और तीन वर्षों की कार्य योजना।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	हथकरघा विकास आयुक्त कार्यालय, चिन्हित हथकरघा समुदाय के बेसलाइन सर्वे तथा नैदानिक अध्ययन के लिए कुल राशि का 50 प्रतिशत अनुमोदित करेगा। शेष 50 प्रतिशत की राशि कियान्वयन एजेन्सी को राज्य सरकार द्वारा उस समय दिया जाएगा जब कियान्वयन एजेन्सी राज्य स्तरीय परियोजना समिति द्वारा अनुमोदित बेसलाईन सर्वे और नैदानिक अध्ययन का परियोजना रिपोर्ट और कार्य योजना, बेसलाईन सर्वेऔर नैदानिक अध्ययन के लिए दिए गए राशि का उपयोग प्रमाणपत्र तथा अंकेक्षित रिपोर्टइत्यादि जमा करती है। परियोजना रिपोर्ट में प्रथम वर्ष के लिए ठोस कार्य योजना और दूसरे तथा तीसरे वर्ष के लिए प्रस्तावित कार्य योजना हो। परियोजना रिपोर्ट पर राज्य स्तरीय परियोजना समिति द्वारा विचार किया जायेगा। केवल वो प्रस्ताव राज्य स्तरीय परियोजना समिति द्वारा अनुमोदित किए जायेंगें जो व्यवहार्य होंगें और क्लस्टर में बुनकरों के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए लाभप्रद होंगें। राज्य सरकार उन प्रस्तावों को हस्तकरघा विकास आयुक्त के पास स्वीकृति के लिए भेजेगी। हस्तकरघा विकास आयुक्त के उचित समीक्षा एवं स्वीकृति के बाद कियान्वयन एजेन्सी को क्लस्टर विकास कार्यक्रम के कियान्वयन के लिए वित्तीय सहायता तीन किश्तों में दी जायेगी – प्रथम किश्त 30 प्रतिशत तक, द्वितीय किश्त 40 प्रतिशत तक एवं शेष तीसरी किश्त के रुप में।
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

10 परियोजना का नाम	अनुसूचित जाति के लिए कार्य करने वाले स्वयंसेवी व अन्य संस्थाओं को अनुदान व सहायता
विभाग/अभिकरण/स्थान का नाम	समाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय, नई दिल्ली
परियोजना के लिए प्रमुख अधिकारी का नाम, पदनाम एवं पता	**डा. जे सी शर्मा** समाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय रूम न. 611, अ–विंग, शास्त्री भवन डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली –110001 फोनः 011–23383004 ईमेल: sharmajc.msje@nic.in
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	परियोजना अप्रैल 1998 से प्रभावी है।
परियोजना का विवरण	परियोजना का मुख्य उद्देश्य प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्थाओं तथा प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं को लक्षित समूह अर्थात अनुसूचित जातिके लोगों के शैक्षिक तथा सामाजिक आर्थिक स्थिति सुधारने, उनका कौशल उन्नयन कर उन्हे स्वयं के आय सृजन गतिविधियों की शुरूआत कराने तथा किसी क्षेत्र मे व्यवसाय करा के लाभान्वित कराना है।
मानक योग्यता	1. लाभग्राही अनुसूचित जाति के हों। इस परियोजना का लाभ उठाने के लिए किसी भी संस्था मे निम्न योग्यता होनी चाहिए • संस्था सोसायटी रजिस्टेशन एक्ट, 1860,किसी पब्लिक ट्रस्ट विधिया राज्य सरकार अथवा संघ सरकार के किसी विधिक नियमों के अन्तर्गत पंजीकृत हो • चैरिटेबल कंपनी, कंपनी एक्ट 1858 के धारा 25 के अन्तर्गत लाइसेंस्ड हो • भारतीय रेड क्रास सोसायटी या इसकी शाखा हो • कोई अन्य पब्लिक संस्था जिसके पास स्वयं का विधिक स्तर हो • योजना के अन्तर्गत आवेदन करने वाले स्वैच्छिक संस्था आवेदन करते समय कम से कम 2 वर्ष पूर्व से ही पंजिकृत हो। हालांकि कुछ विशेष केसों मे कारणों का लिखित रिकार्ड तैयार करके ,समाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्रालय के द्वारा या सचिव के द्वारा, इसमे छूट प्रदान किया जा सकता है • अनुसूचित जाति के लााभार्थियों की संख्या 60 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए • अन्य संस्था भी समाजिक न्याय तथा सशक्तिकरण मंत्रालय/सचिव के द्वारा अनुमोदित हो सकती है • यह कार्यक्रम किसी व्यक्तिगत या व्यक्तियों के मण्डलों के लाभ के लिए नहीं चलाया जाता है
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	इस योजना के अन्तर्गत सहायता अनुसूचित जाति के लोगों के लिए केंद्रो की स्थापना कर ऐसी सेवाओं को प्रदान करना जो उनके कौशल उन्नयन कर उन्हे आय सृजन गतिविधि मे या तो स्वयं रोजगार कर या मजदूरी रोजगार के रूप मे उन्हे रोजगार के योग्य बनाना है, के लिए ही मान्य है। सहायता मुख्यतः निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए दिया जाता है • हास्टल, रिहायसी तथा गैर रिहायसी विद्यालयों, आई टी आई, आर्ट तथा शिल्प संस्थाओं की या अन्य आय सृजन गतिविधियों की स्थापना करना • आई टी विद्यालयों मे प्रशिक्षण के लिए होने लगने वाले ट्यूसन खर्चों को सामाजिक न्याय तथा सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा वहन करना • अनुसूचित जाति के वंचित बच्चों के लिए बालवाड़ी तथा बाल केंद्रों की स्थापना करना • अनुसूचित जाति के लोगों को अस्पतालों, गतिमान चिकित्सालयों की स्थापना कर उन्हे चिकित्सकीय सुविधायें प्रदान करना • सरकारी योजनाओं,विभिन्न सुविधाओं जैसे कानूनी सहायता, छात्रवृत्ती, एवं लोन तथा अन्य अनुदानों के प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन करना तथा उनके विषय मे जागरूकता प्रदान करना • उचित स्तर पर न्यायिक रूप से उनके शिकायतों को हल करना • विविध प्रवेश परीक्षाओं, परीक्षणोंतथा प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए अन्य सुविधाएं,जिसे पूर्व परीक्षाओं के लिए कोचिंग योजना के अन्तर्गत शामिल नहीं किया गया है, के लिए कोचिंग की सुविधाओं को प्रदान करना। मानवाधिकार मुद्दों, पर्यावरण से संबंधित मुद्दों और उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित मुद्दों को लेना • गैर सरकारी संगठनों की लेखा, प्रबन्धन एवं उनके उपयोग के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना, तथा • अन्य सभी सम्बन्धित ऐसी गतिधियां जो उपर के सभी उद्देश्यों के साथ सामंजस्य स्थापित करें

आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया	राज्य सरकार राज्य स्तर की मल्टी डिसिप्लीनरी अनुदान व सहायता समिति के द्वारा अनुशंशित प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठनों के प्रस्तावों को मंत्रालय मे अग्रसारित करती है। मंत्रालय गुण के आधार पर तथा राष्ट्रीय फंड वितरण और परियोजना के शर्तो की पूर्ति के अनुसार उन प्रस्तावों का परीक्षण करती है।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	• सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप मे एक आवेदन पत्र • पूर्व वर्षों के आडिटेड तथा अनआडिटेड एकाउन्ट जिसमे प्रत्येक निर्धारित खर्चों का विवरण हो • वित्तीय वर्ष जिसके लिए अनुदान व सहायता की आवश्यकता है के बजट का आकलन • पूर्व वर्षों के परियोजनाओं का सांख्यिकीय डाटा के साथ प्रदर्शन। नयी प्रस्ताव के लिए यह शर्त लागू नहीं होता है
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	पहले से ही अनुमोदित परियोजनाओं के सम्बन्ध मे अर्थात जारी परियोजना मे दस्तावेजो के प्राप्ति पर ही परियोजना की प्रथम किस्त के रुप में आकलित खर्चों का 50 प्रतिशत दिया जाता है। दूसरा किस्त आडिटेड एकाउन्ट के स्टेटमेंट की तथा निर्धारित एजेंसी द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट, उपयोग के प्रमाण पत्र की प्राप्ति पर दिया जाता है।
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

11	परियोजना का नाम	स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई)		
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली		
परियोजना के लिए प्रमुख अधिकारी का नाम, पदनाम एवं पता		मिर्जापुर परियोजना निदेशक (स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना) जिला पंचायत मिर्जापुर	जौनपुर परियोजना निदेशक (स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना) जिला पंचायत जौनपुर	संत रविदास नगर परियोजना निदेशक (स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना) जिला पंचायत संत रविदास नगर	सोनभद्र परियोजना निदेशक (स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना) जिला पंचायत सोनभद्र
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		परियोजना 1 अप्रैल 1999 से प्रारंभ है		
परियोजना का विवरण		स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना देश के ग्रामीण गरीब लोगों को आय के सतत् स्त्रोत प्रदान करने के लिए एक पहल है। इस योजना का उद्देश्य सहायतित गरीब परिवार (स्वरोजगारियों को) के आय स्तर मे सतत् वृद्धि सुनिश्चित कर उनको गरीबी रेखा से उपर लाना है। इस उद्देश्य को अन्य बातों के साथ साथ, गामीण गरीबों के स्वयं सहायता समूहों का निर्माण कर सामाजिक मोबिलाइजेशन, प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास तथा आय सृजनात्मक सम्पत्तियों के प्रावधान के माध्यम से किया जाएगा। स्वर्ण जयन्ती ग्रामीण स्वरोजगार योजना क्लस्टर पद्धति पर जोर देता है। इसका मतलब यह है कि विभिन्न गतिविधियों को फण्ड न प्रदान कर बल्की ब्लाक आधार पर प्रत्येक ब्लाक कुछ चयनित गतिविधि को करते हैं ताकि स्वर्ण रोजगारी अपने निवेश से सतत् आय प्राप्त कर सकें। इन गतिविधियों को वरीयता के आधार पर क्लस्टर मे ही किया जाता है ताकि बैकवर्ड तथा फार्वर्ड कड़ियों को आसानी से जोड़ा जा सके।		
मानक योग्यता		इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को स्वरोजगारियों के नाम से जाना जाता है। एसजीवाईएस योजना समूह प्रणाली पर जोर देता है जिसके तहत गरीब ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों के मे संगठित होते हैं। स्वरोजगारी व्यक्तिगत या समूहों मे हो सकते हैं। इस योजना मे कम से कम 80 प्रतिशत लाभार्थी लोग बीपीएल परिवार से होंगे। ग्राम सभा मे जब प्रत्येक वर्ष स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना समिति द्वारा गांवों की सूची तैयार की जाती है तो व्यक्तिगत स्वरोजगारियों का चयन भी किया जाता है।		
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		एस जी एस वाइ के अर्न्तत प्रोजेक्ट लागत की 30 प्रतिशत तक एकरूप रहेगा जिसकी अधिकतम सीमा 7,500 रूपये है। जबकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए यह सीमा क्रमशः 50 प्रतिशत और 10,000 रूपये होंगे। स्वरोजगारी समूहों (एसएचजी) के लिए सब्सिडी परियोजना लागत का 50 प्रतिशत प्रति व्यक्ति लागत मूल्य 10,000रूपये या कुल 1,25,000रूपये में जो कम हो के अनुसार होगा। सिंचाई परियोजनाओं के लिए सब्सिडी की मौद्रिक सीमा निर्धारित नहीं होगी। समूह संगठन तथा विकास मे आये हुए लागत/खर्च को स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत प्राप्त वित्त से पोषित किया जाना चाहिए। स्वयं सहायता समूहों के गठन तथा विकास के लिए प्रत्येक समूह पर अधिकतम 10,000 रूपये की राशि है हालांकि वास्तविक राशि राज्य स्तर के स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के समिति द्वारा स्थानीय प्रचलित स्थिति के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।		
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया		स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना एक क्रेडिट लिंक्ड योजना है तथा क्रेडिट इसका मुख्य तत्व है। इस निवेश का मुख्य भाग बैंक लोन तथा वित्तीय संस्थाओं से बना है। जिस तिथि को बैंक मे आवेदन प्राप्त किये जाते हैं बैंक ऋण जारी करने मे उससे 15 दिन से ज्यादा का समय नहीं लेगा। उसके बाद बैंक इस सूचीको ग्राम पंचायत मे प्रस्तुत करेगा जिसे ग्राम पंचायत ग्राम सभा के अगले बैठक मे प्रस्तुत करेगा। बैंक इस सूची को बीडीओ और सम्बन्धित लाईन विभाग कोभी प्रस्तुत करेगा। बैंक समूहों को भी ऐसी गतिविधियों के लिए ऋण प्रदान करने पर विचार करेगी।		
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		स्वयं सहायता समूह के पूर्ण विवरण के साथ आवेदन पत्र		
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा		स्वर्ण जयन्ती ग्रम स्वरोजगार योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए लाकिंग अवधि को तीन वृहद श्रेणियों मे ऋण भुगतान अवधि के आधार पर 5,7 तथा 9 वर्ष किया गया है।इससे सम्बन्धित लाकिंग अवधि 3,4 और 5 वर्ष क्रमशः होगा। यदि करेंसी अवधि के पहले ही ऋण का पूर्णतः भुगतान कर दिया जाता है तो स्वरोजगारियों को केवल उसके आधार पर आनुपातिक सब्सिडी ही प्रदान किया जाएगा। यदि ऋण राशि को निर्धारित लाकिंग अवधि से पूर्व ही पूर्ण रूप से भुगतान कर दिया जाता है तो स्वरोजगारी किसी भी प्रकार के लाभ के हकदार नहीं होंगे।		
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)				

12	योजना का नाम	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)		
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली		
परियोजना के लिए प्रमुख अधिकारी का नाम, पदनाम एवं पता		मिर्जापुर परियोजना निदेशक (मनरेगा) जिला पंचायत मिर्जापुर	जौनपुर परियोजना निदेशक (मनरेगा) जिला पंचायत जौनपुर	संत रविदास नगर परियोजना निदेशक (मनरेगा) जिला पंचायत संत रविदास नगर	सोनभद्र परियोजना निदेशक (मनरेगा) जिला पंचायत सोनभद्र
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		मनरेगा को फरवरी, 2006 से पहले चरण में 200 जिलों में अधिसूचित किया गया था और बाद में वित्त वर्ष 2007–2008, में इसे और 130 जिले में लागू किया गया। इसके अंतर्गत शेष बचे जिलों की अधिसूचना 1 अप्रैल, 2008 को जारी की गई थी। इस प्रकार, मनरेगा संपूर्ण देश में लागू है।		
परियोजना का विवरण		• इस अधिनियम का उद्देश्य ऐसे प्रत्येक ग्रामीण परिवार जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रमकार्य करना चाहते हैं, को एक वित्त वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारंटीयुक्त मजदूरी रोजगार उपलब्ध कराना है • यह मांग आधारित कार्यक्रम है जहां कार्य का प्रावधान मजदूरी मांगने वाले व्यक्तियों द्वारा की गई कार्य की मांग से प्रेरित होता है • मांग किए जाने पर कार्य उपलब्ध न कराए जाने तथा किए गए कार्य के लिए मजदूरी के भुगतान में विलंब होने की स्थिति में भत्ता और मुआवजा दोनों का कानूनी प्रावधान है • मनरेगा लाभार्थियों के चयन की स्व–लक्षित व्यवस्था के जरिए लक्षीकरण की समस्याओं को दूर करता है अर्थात् बड़ी संख्या में अत्यंत निर्धन और सीमांत व्यक्तियों को इस योजना के अंतर्गत रोजगार मिलता है • अधिनियम राज्यों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित करता है क्योंकि कार्यक्रम की शत–प्रतिशत अकुशल श्रम लागत और 75प्रतिशत सामग्री लागत का वहन केन्द्र द्वारा किया जाता है। • पूर्ववर्ती आवंटन आधारित मजदूरी रोजगार कार्यक्रमों से परे मनरेगा मांग आधारित है और प्रत्येक राज्य में रोजगार की मांग के आधार पर केन्द्र से राज्यों को संसाधन का अंतरण किया जाता है। इससे राज्यों को निर्धनों की रोजगार संबंधी जरूरतों को पूरा करने में अधिनियम का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन मिलता है • समय पर कार्य उपलब्ध कराने में असफल रहने पर सहवर्ती वित्तीय निरुत्साहन का भी प्रावधान है क्योंकि तब राज्यों को बेरोजगारी भत्ते की लागत का वहन करना पड़ता है • लागत के हिसाब से कम से कम 50प्रतिशत कार्यों का कार्यान्वयन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाएगा। ग्राम पंचायतों को वित्तीय संसाधनों के प्रत्यायोजन का यह क्रम अभूतपूर्व है • शुरू किए जाने वाले कार्यों के स्वरूप और चयन से संबंधित योजनाओं और फैसलों, प्रत्येक कार्य को शुरू किए जाने वाले क्रम, स्थान का चयन आदि पर निर्णय ग्राम सभा की खुली बैठकों में किया जाएगा तथा ग्राम पंचायत इसकी अभिपुष्टि करेगी • प्रशासनिक अनुमति दिए जाने से पहले ग्राम सभा मध्यवर्ती पंचायत और जिला पंचायत स्तर पर निर्दिष्ट किए गए कार्यों को अनुमोदित करेगी और उनका क्रम निर्धारित करेगी। ग्राम सभा उन्हें स्वीकृत, संशोधित या अस्वीकृत कर सकती है • उच्चतम प्राधिकरण इन निर्णयों को रद्द नहीं कर सकता है। वे केवल अधिनियम और इसके परिचालन दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुपालन की सीमा सुनिश्चित कर सकते हैं • इस बॉटम–अप, जन–केंद्रित, मांग आधारित संरचना का यह आशय भी है कि मनरेगा की सफलता के लिए जिम्मेदारी का एक बड़ा हिस्सा मजदूरी मांगने वालों, ग्राम सभाओं और ग्राम पंचायतों के पास है • मनरेगा समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और आजीविका सृजन परिप्रेक्ष्य में पूर्व के राहत कार्यक्रमों से भी मुक्ति दिलाता है • सामाजिक लेखा परीक्षा एक नई विशेषता है जो मनरेगा का एक अभिन्न हिस्सा है। संभवतः यह विशेष रूप से नए हितधारकों के लिए निष्पादन की एक अभूतपूर्व जवाबदेही तय करता है • मनरेगा के परिणामों पर केन्द्रीय रोजगार गारंटी परिषद (सीईजीसी) द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट प्रत्येक वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत की जाती है। इसी प्रकार राज्य रोजगार गारंटी परिषदों द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्टें राज्य सरकारों द्वारा राज्य विधानमंडलों में प्रस्तुत करनी होती है ताकि निर्वाचित प्रतिनिधियों को निरीक्षण करने में मदद मिल सके।		
मानक योग्यता		ऐसे प्रत्येक ग्रामीण परिवार जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रमकार्य करना चाहते		

	हैं
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	• ऐसे प्रत्येक ग्रामीण परिवार जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रमकार्य करना चाहते हैं, को एक वित्त वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारंटीयुक्त मजदूरी रोजगार उपलब्ध कराना • आवेदन किए गए कार्य की अवधि और समय की पसंद • आवेदन देने या यदि पहले से आवेदन दिया गया हो तो कार्य मांगे जाने की तारीख से 15 दिनों के भीतर, इनमें से जोभी बाद का हो, कार्य प्राप्त करना • कार्यस्थल पर क्रेच, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा आदि की सुविधाएं • 5 कि.मी. के दायरे से बाहर रोजगार दिए जाने के मामले में 10 प्रतिशत अतिरिक्त मजदूरी पाने का अधिकार • अपने मस्टर रोलों की जांच करने तथा उनके जॉब कार्डों में प्रविष्ट किए गए उनके रोजगार से संबंधित सभी जानकारीप्राप्त करने का अधिकार • मजदूरी का वितरण साप्ताहिक आधार या किसी भी हालत में इस कार्य को किए जाने की तारीख से अधिक सेअधिक 15 दिनों में किया जाएगा • यदि आवेदन प्रस्तुत करने या अग्रिम आवेदन के मामले में जिस तारीख से कार्य की मांग की जाती है, इनमें से जो भी बाद का हो, उसके 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उसे बेरोजगारी भत्ता पाने का अधिकारहोगा। • रोजगार के दौरान चोट लगने की स्थिति में चिकित्सा उपचार जिसमें अस्पताल की लागत, यदि आवश्यकता हो, तथारोजगार के दौरान विकलांग या मृत्यु होने पर अनुग्रह भुगतान शामिल होगा।
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	• पंजीकरण के लिए आवेदन • जॉब कार्ड प्राप्त करना • कार्य के लिए आवेदन और दिए गए आवेदन की तारीखयुक्त पावती लेना • आवेदन देने या यदि पहले से आवेदन दिया गया हो तो कार्य मांगे जाने की तारीख से 15 दिनों के भीतर, इनमें से जोभी बाद का हो, कार्य प्राप्त करना। • यदि आवेदन प्रस्तुत करने या अग्रिम आवेदन के मामले में जिस तारीख से कार्य की मांग की जाती है, इनमें से जो भी बाद का हो, उसके 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता पाना।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	जॉब कार्ड
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	आवेदन देने या यदि पहले से आवेदन दिया गया हो तो कार्य मांगे जाने की तारीख से 15 दिनों के भीतर, इनमें से जोभी बाद का हो, कार्य प्राप्त करना। मजदूरी का वितरण साप्ताहिक आधार या किसी भी हालत में इस कार्य को किए जाने की तारीख से अधिक से अधिक 15 दिनों में किया जाएगा।
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

13	योजना का नाम	ग्रामीण बैकयार्ड पोल्ट्री के मातृ ईकाईयों को स्थापित करने के लिए केन्द्र प्रायोजित योजना
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		दुग्ध, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग, नई दिल्ली
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम		निदेशक (दुग्ध विकास) दुग्ध, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग कृषि भवन, नयी दिल्ली, फोनः 011–23388688
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		
परियोजना का विवरण		ग्रामीण बैकयार्ड पोल्ट्री कार्यक्रम के तहत मातृ ईकाईयों की स्थापना प्रस्तावित किया जाता हैउन जगहों पर जहां एक दिन के चूजों को 4 सप्ताह तक पाला जाता है और लाभार्थियों को आपूर्ति किया जाता है। ये मातृ इकाईयां एक दिन के चूजों को राज्य पोल्ट्री फार्मो से या निजी हैचरीज जहां पर कम इनपुट वाले पक्षियों का उत्पादन किया जाता है, से प्राप्त करते हैं। राज्य सरकार द्वारा मातृ इकाइयों के विवरण जैसे – मदर इकाइयों की संख्या, राज्य सरकार के पोल्ट्री फार्म या निजी हैचरीज जिनसे ये एक दिन के चूजों के आपूर्ति के लिए मातृ इकाइयों को जोड़े जाने का प्रस्ताव हैं, प्रदान किया जाएगा। जब तक तर्कसंगत न हों, प्रत्येक जिले/क्लस्टर मे 10 से अधिक मदर इकाइयां नहीं होनी चाहिए।
मानक योग्यता		दुग्ध, मत्स्य एवं पशुपालन विभागद्वारा अनुमोदन के बाद राज्य पशुपालन विभाग डीआरडीए तथा स्थानीय बैंकों से विचार विमर्श करके मातृ ईकाईयों की स्थापना के लिए लाभार्थियों की पहचान करेगा। लाभार्थी, एनजीओ, स्वयं सहायता समूहों तथा व्यक्तियों जो एक दिन के चूजों के प्रबन्धन का तथा उनको चार सप्ताह तक पालन पोषण करने का प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं, हो सकते हैं। यदि आवश्यक हो, पशु पालन विभाग चिन्हित लाभार्थियों के लिए प्रशिक्षण का भी प्रबन्ध कर सकता है।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		तीन फेरीवाले मातृ ईकाई के लिए वित्त पोषण का तरीका निम्न है • ईकाई लागत (1,500 चुजे प्रत्येक बैच मे): दर 1.36 लाख(जिसमे 1 लाख रूपया स्थाई लागत रहेगा तथा .36 लाख रूपये ईकाई के शीघ्र शुरूवात करने के लिए हैं) • छूट – .20 लाख(बैंक लोन का लाभ लेते समय इसे ऋणी के मार्जिन के रूप मे समझा जाएगा) • व्याज मुक्त ऋण –लागत 0.36 लाख • बैंक लोन–लागत 0.80 लाख
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया		राज्य सरकार बैकयार्ड पोल्ट्री के लिए दुग्ध, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के द्वारा विहित प्रारूप मे भारत सरकार के पास प्रस्ताव जमा करेगी।जिला पशु पालन विभाग मातृ ईकाईयों के लिए आवेदनों को प्रायोजक तथा वित्त पोषक बैंको को सब्सिडी राशि जारी करेंगे। सब्सिडी की प्राप्ति पर वित्तपोषक बैक उनकी सब्सिडी राशि को छोड़कर मंजूर ईकाई लागत को बैंक ऋण के रूप मे अनुमजि देगा और उनके नियंत्रण कार्यालय के माध्यम से नाबार्ड के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय में उचित प्रोफार्मा मे आवेदन करेगा।जब ईकाई लागत दर्शायी गयी कीमत से ज्यादा होती है तो उस स्थिति मे बैंक अतिरिक्त लागत को अपने ऋण के रूप मे वित्त पोषित करेगा या लाभार्थी उस राशि को अपने मार्जिन के रूप मे लायेंगें।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		आर्थिक रूप से व्यावहारिक प्रस्ताव
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा		
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)		

14 योजना का नाम	अन्तर्देशीय मत्स्य विकास और जलीय कृषि योजना
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम	दुग्ध, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग, नई दिल्ली
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम	निदेशक (दुग्ध विकास) दुग्ध, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग कृषि भवन, नयी दिल्ली, फोनः 011–23388688
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	यह परियोजना 1973–74 मे शुरू की गयी है और वर्तमान मे जारी है।
परियोजना का विवरण	इस योजना के मुख्य उद्देश्य हैं • अन्तर्देशीय मछली उत्पादन और मछली उत्पादकता का संवर्द्धन • आधुनिक मत्स्य पालन की लोकप्रियता बढ़ाना • मत्स्य पालन के माध्यम से रोजगार के अवसरों का सृजन • जलीय कृषिगत तरीकों मे विविधता लाना • मत्स्य जलीय कृषि मे लगे किसानों को सहायता उपलब्ध कराना • मत्स्य किसान विकासएजेंसियों (एफएफडीए) और खारे पानी के मत्स्य किसान विकास एजेंसियों द्वारा मत्स्य किसानों को प्रशिक्षित करना
मानक योग्यता	इस योजना के तहत मत्स्य पालन मे लगे हुए सभी किसानों जिनमें मछुवारों और महिला मछुवारे भी शामिल हैंऔर सहकारी समितियों को सहायता प्रदान की जाती है।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	• मत्स्य किसानों को नये तालाबों के निर्माण तथा मौजूदा तालाबों और टैंकों की मरम्मत के लिए सब्सिडी दी जाती है • पहले साल मे लगने वाले चीजों/आदानों जैसे मछली बीज, चारा, और उर्वरक तथा अन्य सामग्री प्रदान की जाती है • मत्स्य बीज हैचरी तथा मत्स्य चारा उत्पादन केंद्र स्थापित किये जाते हैं • विकासात्मक गतिविधियों पर वित्तीय सहायता 75 : 25 के आधार पर संगरोध और निरीक्षण जलीय ईकाई और जलीय पशु स्वास्थ्य के लिए नैदानिक प्रयोगशाला के नेटवर्क, जिसके लिए, 100 प्रतिशत को छोड़कर सभी कार्यक्रमों के सम्बन्ध मे भारत सरकार और राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों द्वारा साझा कर रहे व्यय केंद्र की ओर से पैदा होता है।
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	लाभार्थियों को धन प्राप्ति करने के लिए सम्बन्धित राज्य के माध्यम से आर्थिक रूप से व्यावहारिक प्रस्ताव मंत्राालय को प्रस्तुत करना आवश्यक है।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	आर्थिक रूप से व्यावहारिक प्रस्ताव
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

15 योजना का नाम	मत्स्य पालन प्रशिक्षण एवं विस्तार योजना
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम	दुग्ध, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग, नई दिल्ली
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम	निदेशक (दुग्ध विकास) दुग्ध, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग कृषि भवन, नयी दिल्ली, फोनः 011–23388688
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	
परियोजना का विवरण	इस योजना का उददेश्य मत्स्य क्षेत्र के लिए प्रशिक्षण और विस्तार का समर्थन प्रदान करना है।
मानक योग्यता	मत्स्य पालन के इच्छुक प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाता है।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	पन्द्रह दिन की प्रशिक्षण अवधि के दौरान 100 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रति प्रशिक्षार्थी को अधिकतम 1,500 रूपये तक मानदेय और वास्तविक बस भाड़ा परिवहन व्यय के रूप मे प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण के लिए हैण्डबुक विकसित करने के लिए लेखक को 15,000 रूपये का मानदेय जिसमें उसके द्वारा स्टेशनरी, टाइपिंग इत्यादि पर किये गए खर्चों के लिए लगभग 5,000 रुपया दिया जायेगा। इसके अलावा प्रत्येक हैण्डबुक के 500 कापियों को छपाने के लिए राज्य सरकार/संस्था को 50,000 रुपया दिया जायेगा।
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	लाभार्थियों को सम्बन्धित राज्य विभाग के माध्यम से धन प्राप्त करने के लिए आवेदन जमा करना आवश्यक है।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	प्रशिक्षण के लिए आवेदन
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

16 योजना का नाम	सहकारी संस्थाओं को सहायता
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम	दुग्ध, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग, नई दिल्ली
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम	निदेशक (दुग्ध विकास) दुग्ध, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग कृषि भवन, नयी दिल्ली, फोनः 011–23388688
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	यह योजना जनवरी 2000 मे शुरू की गयी और वर्तमान में लागू है।
परियोजना का विवरण	इस योजना का उद्देश्य जिला स्तर और राज्य स्तर पर सहकारी महासंघों मे बीमार डेयरी सहकारी संघों को पुनर्जीवित करना है।
मानक योग्यता	आपरेशन बाढ़ कार्यक्रम के तहत देश के विभिन्न भागों मे बड़ी संख्या में डेयरी सहकारी समितियों की तीन स्तरीय संरचना ग्रामीण स्तर पर प्राथमिक सहकारी समितियों, जिला स्तर पर सहकारी संघों और राज्य स्तरीय महासंघों का गठन किया गया। कई कारणों की वजह से इनमें से काफी संघों/महासंघों को नुकसान सहना पड़ा और वो बीमार हो गये। यह योजना उन बीमार सहकारी दुग्ध संघों/ महासंघों की सहायता कर उनके पुनर्वास और उन्हें व्यवहार्य बनाने के लिए है। केवल उन्हीं संधों/परिसंधों के लिए विचार किया जाता है जहा की सम्बन्धित राज्य सरकार अनुमति देती है • पुनर्वास सहायता के लिए समान योगदान • मूल्य निर्धारण और स्टाफ मामलों के निर्णय में सहकारी समितियों को स्वायत्तता देने की • वैधानिक अंकेक्षण की नियमितता सुनिश्चित करने की
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	योजना सम्बन्धित जिला सहकारी दुग्ध संघों/राज्य डेयरी फेडरेशन द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। योजना के तहत केंद्रीय अनुदान दुग्ध संघों/महासंघों को एनडीडीबी के माध्यम से प्रदान किये जाते हैं। राशि भारत के संघ और संबन्धित राज्य सरकार के बीच 50:50 के हिस्सेदारी के आधार पर जारी किया जाता है। अनुदान की अधिकतम सहायता आवश्यक न्यूनतम राशि तक सीमित है जिससे शुद्ध प्रवाह सात साल के अन्दर सकारात्मक हो जाए। किसी भी दशा में कुल अनुदान जमा नकद घाटे से अधिक नहीं होगा।
आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया	एनडीडीपी द्वारा योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार तैयार की गयी परियोजनाओं को पशुपालन विभाग में जमा किया जाता है।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	आवेदन छः प्रतिलिपियों में इएफसी/एसएफसी प्रारुप जो समय समय पर व्यय विभाग के द्वारा निर्धारित किया जाता है में संबंधित जानकारी के साथ जमा करना होता है।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

(स) राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं

क. कृषि क्षेत्र संबंधित योजनाएं

1	योजना का नाम	औद्यानिक फसलों का विकास		
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, लखनउ		
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम		मिर्जापुर एवं संत रविदास नगर **श्री भूषण प्रसाद सिंह** जिला उद्यान अधिकारी मिर्जापुर मोबाइल नं0: 9415470322	जौनपुर **श्री एस.एम.पी. पटेल** जिला उद्यान अधिकारी जौनपुर फोन नं0: 05452 263866 मोबाइल नं0: 9415640092	सोनभद्र **श्री सुभाष कुमार** जिला उद्यान अधिकारी सोनभद्र फोन नं0:
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)				
परियोजना का विवरण		इस परियोजना के मुख्य उद्देश्य हैं • फल विकास • शाकभाजी विकास • आलू विकास • मसाला विकास • औषधि एवं सुगंधित फसलों का विकास • पुष्प एवं अलंकृत बागवानी का विकास • खाद्य प्रसंस्करण • मधुमक्खी पालन विकास • पान विकास, और • मशरुम विकास?		
मानक योग्यता		बागवानी में रुचि रखने वाले मध्यम, सीमांत व लघु किसान		
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		• औद्यानिक फसलों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में वृद्धि हेतु नवीनतम उत्पादन एवं उपलब्ध कृषितकनीकों को कृषकों तक पहुंचाना तथा उनको आत्मसात् किये जाने हेतु प्रेरणा • औद्यानिक फसलों के सघनीकरण एवं फसल–चक्र में परिवर्तन कर उत्पादकों को उनके श्रम एवं निवेश पर अधिक लाभ पहुँचाना • आवश्यक निवेशों का संस्तुति के अनुसार सामयिक एवं वैज्ञानिक उपयोग कराना • औद्यानिक फसलों का उचित मूल्य दिलाने तथा सतत आपूर्ति हेतु भण्डारण, विधायन एवं विपणन कीसुविधाओं का विकास एवं प्राथमिक औद्यानिक सहकारी समितियों का गठन कर औद्यानिक उत्पादन का विपणन सुनिश्चित कराना • फल व सब्जी संरक्षण, कुकरी, बेकरी, खाद्य प्रसंस्करण, मशरूम तथा मौन पालन में प्रशिक्षण देकरकुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना तथा पान विकास के लिए कार्यक्रम • प्रयोज्य परिणामों को जन साधारण तक पहुंचाना तथा बागवानों की बागवानी सम्बन्धी समस्याओं कासमाधान • सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों तथा कृषकों को नवीनतम् तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से ज्ञान उपलब्ध कराना		
आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया				
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		कार्यालय द्वारा वांछित जानकारी के साथ आवेदन		
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा				
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)				

2	योजना का नाम	किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		कृषि विभाग, लखनउ
आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया		अल्पसंख्यक समुदाय की किन्हीं 20 महिलाओं के संगठन को किसी भी जगह अधिकतम 6 महीनों के लिए उनके अनुरूप किसी भी उत्पादन या सेवा कार्यो के लिए आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान समूहको एक अल्प व्यय एवं जमा करने वाले स्वयं सहायता समूह मे संगठित किया जाता है।प्रशिक्षण के उपरान्त समूह को प्रशिक्षित कार्य जारी रखने के लिए एकल या संयुक्त रूप से वित्त उपलब्ध कराया जाता है।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		निगमद्वारानिर्धारितकियेगएआवश्यकदस्तावेज़
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा		ऋण का भुगतान तिमाही किश्तों में प्रत्येक वितरण के 3 वर्षों के अंदर करना है जिसमें 90 दिनों का अधिस्थगन अवधि शामिल है। सब्सिडी ऋण के पूर्ण भुगतान पर दिया जाता है।
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)		

<table>
<tr><td>4</td><td>योजना का नाम</td><td>उद्यमों के लिए मियादी ऋण</td></tr>
<tr><td colspan="2">विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम</td><td>राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम</td></tr>
<tr><td colspan="2">परियोजना के लिए प्रमुख अधिकारी का नाम, पदनाम एवं पता</td><td>राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम
बी–2 एस.ई, चौथा तल, पिकप भवन, गोमती नगर
लखनउ – 226010
फोन नं0 – 0522 2720850</td></tr>
<tr><td colspan="2">परियोजना की अवधि
(प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">परियोजना का विवरण</td><td>एनएसएफडीसी उद्यम परियोजनाएं जिनकी ईकाई कीमत 30 लाख रूपये तक होती है के लिए निम्न प्रकार से मियादी ऋण प्रदान करती है

<table>
<tr><th>क0</th><th>परियोजना/ईकाई लागत</th><th>परियोजना के लागत मेंप्रोत्साहकका न्यूनतम योगदान</th></tr>
<tr><td>1</td><td>एक लाख तक के लागत के परियोजना के लिए</td><td>बल नहीं दिया जाना चाहिए</td></tr>
<tr><td>2</td><td>एक लाख से उपर तथा 2.5 लाख तक के परियोजना के लिए</td><td>2 प्रतिशत</td></tr>
<tr><td>3</td><td>2.5 लाख से उपर तथा 5 लाख तक के लागत के परियोजना के लिए</td><td>3 प्रतिशत</td></tr>
<tr><td>4</td><td>5 लाख से उपर तथा 10 लाख तक परियोजना के लागत के लिए</td><td>5 प्रतिशत</td></tr>
<tr><td>5</td><td>10 लाख से उपर तथा 20 लाख तक लागत के परियोजना के लिए</td><td>7 प्रतिशत</td></tr>
<tr><td>6</td><td>20 लाख से उपर तथा 30 लाख तक के लागत के परियोजना के लिए</td><td>10 प्रतिशत</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th rowspan="2">क0</th><th rowspan="2">ऋण की राशि प्रति ईकाई /प्रति लाभ केंद्र (एनएसएफडीसी का हिस्सा)</th><th colspan="2">प्रति वर्ष ब्याज दर (%)</th></tr>
<tr><th>चैनलाइजिंग एजेंसीयों के लिए</th><th>लाभार्थियों के लिए</th></tr>
<tr><td>1</td><td>5 लाख रूपये तक</td><td>3</td><td>5</td></tr>
<tr><td>2</td><td>5 लाख से उपर तथा 10 लाख रूपये तक</td><td>5</td><td>8</td></tr>
<tr><td>3</td><td>10 लाख से उपर तथा 20 लाख रूपये तक</td><td>6</td><td>9</td></tr>
<tr><td>4</td><td>20 लाख से उपर तथा 27 लाख रूपये तक</td><td>7</td><td>10</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td colspan="2">मानक योग्यता</td><td>लघु उद्यम परियोजनाएं</td></tr>
<tr><td colspan="2">परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण</td><td>एनएसएफडीसी परियोजना लागत का 90 प्रतिशत तक ऋण प्रदान करता है इस शर्त के तहत कि राज्य की चैनलाइजिंग एजेंसियां अपने योजनाओं के अनुसार अपने सहयोग के हिस्सों का योगदान करें और दूसरे उपलब्ध स्त्रोंतों से सम्बन्ध कराने के अलावा आवश्यक सब्सिडी भी उपलब्ध करायें।

केन्द्रीय सेक्टर योजना के अनुसूचित जाति उप योजना को विशेष केन्द्रीय सहयोग के तहत गरीबी रेखा से नीचे के लाभार्थी दस हजार रुपये की सब्सिडी या प्रति ईकाई मूल्य के पचास प्रतिशत, जो भी कम हो, के योग्य हैं।</td></tr>
<tr><td colspan="2">आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज</td><td>निगमद्वारानिर्धारितकियेगएआवश्यकदस्तावेज़</td></tr>
<tr><td colspan="2">समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा</td><td>ऋण का भुगतान तिमाही/छमाही/वार्षिक किश्तों में अधिकतम 10 वर्षों के अंदर करना है जिसमें अधिस्थगन अवधि शामिल है। सब्सिडी ऋण के पूर्ण भुगतान पर दिया जाता है।</td></tr>
<tr><td colspan="2">शिकायत निवारण प्रणाली
(यदि लागू हो)</td><td></td></tr>
</table>

5	योजना का नाम	सूक्ष्म ऋण वित
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम(एन एस एफ डी सी)
परियोजना के लिए प्रमुख अधिकारी का नाम, पदनाम एवं पता		राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम बी–2 एस.ई, चौथा तल, पिकप भवन, गोमती नगर लखनउ – 226010 फोन नं0 – 0522 2720850
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		
परियोजना का विवरण		इस योजना के तहत एनएसएफडीसी के राज्य स्तरीय चैनलाइजिंग एजेंसी या एनजीओ सहभागियों द्वारा महिला किसानो को कम व्याज दरों पर सहायक ऋण उपलब्ध कराया जाता है।
मानक योग्यता		एनएसएफडीसी राष्ट्रीय अनुसूचित जाति के आर्थिक रूप से गरीब वर्गों को जिनकी वार्षिक आय गरीबी रेखा सीमा के दुगने से कम है (ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 40,000 रुपये व शहरी क्षेत्रों के लिए 55,000 रुपये तक) को ऋण प्रदान करती है।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		परियोजना में अधिकतम 30,000 रुपये तक के प्रोजेक्ट को 90 प्रतिशत तक वार्षिक 5 प्रतिशत व्याज के दर से वित्तीय सहायता प्रदान किया जाएगा।लाभार्थी 10,000 रुपये या ईकाई कीमत के 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, की सब्सिडी के योग्य हैं जो कि एससीएज के द्वारा गरीबी रेखा के नीचे के लाभार्थियों को अनुसूचित जाति के उप योजनाओं के लिए समाजिक न्याय व सशक्तिकरण मंत्रालय से राज्य सरकार को दिये गये वित्त से केंद्रीय सेक्टर योजनओं के विशेष केंद्रीय सहायता के तहत प्रदान किया जाएगा।
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया		
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		**निगम द्वारा निर्धारित किये गए आवश्यक दस्तावेज़**
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा		ऋण का भुगतान तिमाही किश्तों में प्रत्येक वितरण के 5 वर्षों के अंदर करना है जिसमें 90 दिनों का अधिस्थगन अवधि शामिल है। सब्सिडी ऋण के पूर्ण भुगतान पर दिया जाता है।
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)		

6	योजना का नाम	कौशल प्रशिक्षण
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम(एन एस एफ डी सी)
परियोजना के लिए प्रमुख अधिकारी का नाम, पदनाम एवं पता		राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम बी–2 एस.ई, चौथा तल, पिकप भवन, गोमती नगर लखनउ – 226010 फोन नं0 – 0522 2720850
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		
परियोजना का विवरण		एनएसएफडीसी अपने राज्य स्तरीय चैनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम सेशिक्षित बेरोजगार युवाओं को उभरते हुए क्षेत्रों मे जैसे कि वस्त्र तकनीक कम्प्यूटर तकनीक, विद्युत परीक्षा, इंजीनीयरिंग मे मोबाईल फोन रिपेयर्स, बीपीओ, काल सेंटर्स और आटोमोबाईल रिपेयर्स इत्यादि मे लक्षित तौर परकौशल विकास कार्यक्रमों को प्रायोजित करता है।
मानक योग्यता		एनएसएफडीसी प्रशिक्षण सहायता केवल अनुसूचित जाति के आर्थिक रूप से गरीब वर्गों को जिनकी वार्षिक आय गरीबी रेखा सीमा के दुगने (ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 40,000 रुपये व शहरी क्षेत्रों के लिए 55,000 रुपये तक) से कम है प्रदान करती है।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		इस परियोजना मे कार्यक्रम प्रख्यात सरकारी/अर्द्ध सरकारी, स्वायत्त संस्थानों द्वारा संचालित किया जाता है और प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रति माह की निर्धारित मानदेय भी प्रदान किया जाता है। जून 2009 से प्रति प्रशिक्षार्थी निर्धारित मानदेय राशि बढ़ाकर 1,000 रूपयेप्रतिमाह कर दी गयी है। लाभार्थियों को नौकरी पाने मे सहायता और/या अपने खुद के व्यवसाय को शुरू करने के लिए एनएसएफडीसी द्वारा अपने राज्य स्तरीय चैनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से उद्यमिता निर्देशनऔर वित्तीय सहायताप्रदान किया जाता है।
आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया		
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		निगमद्वारानिर्धारितकियेगएआवश्यकदस्तावेज़
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा		प्रशिक्षण के सफल समापन पर प्रशिक्षार्थियों को वजीफा प्रदान किया जाता है।
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)		

7	योजना का नाम	जन सहयोग
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		कापार्ट (काउंसिल फार एडवांसमेंट आफ पीपुल्स एक्शन एण्ड रूरल टेक्नालोजी)
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम		क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं सदस्य संयोजक मध्य क्षेत्र क्षेत्रीय समीति कापार्ट पिकप भवन, छठा मंजिल, ब्लाक ए विभुति खण्ड, गोमती नगर लखनउ – 260101 फोन नं 0522 2721696 फैक्स–0522 2721695
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		
परियोजना का विवरण		जन सहयोग कापार्ट की एक योजना है, जो समाज के वंचित वर्गों के लिए विषेश रूप से कमजोर वर्गों के लिए उन्नयन, रोजगार और आय सृजन गतिविधियों के कौशल पर अपना ध्यान केन्द्रित करती है। इसके अंतर्गत परियोजनाओं को निम्नलिखित उद्देश्यों को पूरा करना चाहिए • ग्रामीण विकास गतिविधियों को प्रयोगात्मक और अभिनव प्रयासों के माध्यम से एकीकृत करें जो दोहराया जा सके • प्रतिभागियों को नियोजन, कार्यान्वयन और परिकल्पित गतिविधियों के देखरेख मे शामिल करना • समाज के कमजोर वर्गो, विशेषकर जो गरीबी रेखा के नीचे हों और महिलाओं, के लिए आय के स्तर को बढ़ाएंऔर रोजगार के अवसर का विस्तार करें निम्नलिखित क्षेत्रों मे परियोजनाओं को इस योजना के तहत वित्त पोषित किया जाता है। • सूक्ष्म वित्त • सूक्ष्म नियोजन (किसी गांव को अपनाना) • सूखा प्रबल क्षेत्रों मे सूखे से संरक्षण प्रदान करना • अभिनव आवास के कार्यकम • स्वास्थ्य एवं स्वच्छता • सतत विकास एवं जैविक कृषि • शिक्षा • पर्यावरण एवं उर्जा
मानक योग्यता		ग्रामीण क्षेत्रों मे काम कर रहे स्वैच्छिक संगठनों से परियोजना प्रस्ताओं का समर्थन किया जाता है।स्वैच्छिक संगठन के पास अवश्य होना चाहिए 1. संस्था पंजीकरण अधिनियम 1960 के अन्तर्गत पंजीकृत (या इस नियम के एक राज्य संशोधन), भारतीय न्यास अधिनियम, 1862 या चैरिटेबल और धार्मिक ट्रस्ट अधिनियम 1920 के तहत पंजीकरण 2. पंजीकरण के पश्चात कम से कम इस क्षेत्र मे 3 वर्षों का कार्य अनुभव 3. क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति और विकास के कार्य करने के लिए समुदायों को जुटाने का अनुभव ।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		कापार्ट के साइट पर मूल्यांकन पूर्व फंडिंग प्रक्रिया, स्थानीय स्थिति के सम्बन्ध मे परियोजना व्यवहार्यता का आकलन और इसे लागू करने वाली प्रस्तावित संस्था के क्षमता व योग्यता को जांचने की प्रकिया पूर्ण होने पर कापार्ट वित्त उपलब्ध कराता है। सामान्यतः परियोजनाओं कुल लागत का अधिकतम 90 प्रतिशत तक सहायता प्रदान की जाएगी। हालांकि, परियोजना कियान्वयन एजेंसियों द्वारा जितना संभव हो अधिक से अधिक सामुदायिक/स्वैच्छिक योगदान मोबिलाइज करना होगा।

आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	प्रत्येक परियोजना के आवेदन में प्रस्तावित गतिविधियों का स्पष्ट वर्णन करते हुए कापार्ट को जमा करना चाहिए। कार्य योजना तैयार करते समय निम्न पहलुओ ंको ध्यान मे रखा जाना चाहिए • सभी किये जाने वाले गतिविधियों की सूचि बनाना • इन गतिविधियों मे परियोजना लाभ तथा उद्देश्यों मे सीधा सम्बन्ध होना चाहिए • गतिविधियों का क्रम नियोजित होना चाहिए • प्रत्येक गतिविधि के लिए समय एवं व्यय की सारिणी को इस प्रकार से तैयार किया जाना चाहिए कि इस परियोजना को अनुमानित अवधि मे पूरा किया जा सके • परियोजना के प्रत्येक कार्यों के लिए अनुमानित लागत तैयार किया जाना चाहिए
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा उपर्युक्त पहलुओं को शामिल करते हुए प्रस्ताव।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

8	योजना का नाम	ग्रामीण तकनीकी विकास योजना (आर्ट्स)
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		कापार्ट (काउंसिल फार एडवांसमेंट आफ पीपुल्स एक्शन एण्ड रूरल टेक्नालोजी)
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम		क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं सदस्य संयोजक मध्य क्षेत्र क्षेत्रीय समीति कापार्ट पिकप भवन, छठा मंजिल, ब्लाक ए विभुति खण्ड, गोमती नगर लखनउ – 260101 फोन नं 0522 2721696 फैक्स–0522 2721695
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		
परियोजना का विवरण		ग्रामीण महिलाऐं घरेलू तथा बाहर के कामों को करते हुए दोहरे बोझ को वहन कर रही हैं। इस स्थिति को स्वीकार करते हुए और महिलाओं के सशक्तिकरण और विकास के भागीदारी मे प्रोद्यौगिकी की भूमिका के मद्देनजर, कापार्ट के ग्रामीण प्रौद्योगिकी प्रभाग ने महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। यह विभाग 23 तकनीक स्त्रोत केंद्रों के नेटवर्क को समन्वित कर स्वैच्छिक क्षेत्र मे तकनीकी हस्तांतरण के क्षमता निर्माण को बढ़ावा देता है। कापार्ट ग्रामीण तकनीकी योजनाओं केविकास के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नवीनतम ग्रामीण तकनीकियों का समर्थन करता है, विशेषतः समाज के वंचित वर्गों के लिए।इस प्रकार की वंचित लोगों को सुविधायें प्रदान करन वाली तकनीकी जो नये तरीके से बनायी गयीं हों और व्यवहारिक परीक्षण की गयी हों लेकिन किसी और एजेंसी द्वारा नतो बढ़ावा दी गयी हों और न ही वित्त पोषित की गयी हों।
मानक योग्यता		ग्रामीण क्षेत्रों मे काम कर रहे स्वैच्छिक संगठनों से परियोजना प्रस्ताओं का समर्थन किया जाता है। स्वैच्छिक संगठन के पास अवश्य होना चाहिए 1. संस्था पंजीकरण अधिनियम 1960 के अन्तर्गत पंजीकृत (या इस नियम के एक राज्य संशोधन), भारतीय न्यास अधिनियम, 1862 या चैरिटेबल और धार्मिक ट्रस्ट अधिनियम 1920 के तहत पंजीकरण 2. पंजीकरण के पश्चात कम से कम इस क्षेत्र मे 3 वर्षों का कार्य अनुभव 3. क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति और विकास के कार्य करने के लिए समुदायों को जुटाने का अनुभव । स्वैच्छिक संस्थाओं को समर्थन के अलावा यह विभाग उचित तकनीकियों के विकास, अनुकूलन और व्यापारीकरण मे व्यक्तिगत नवीनीकरण करने वालों का भी समर्थन करता है।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		कापार्ट के साइट पर मूल्यांकन पूर्व फंडिंग प्रकिया, स्थानीय स्थिति के सम्बन्ध मे परियोजना व्यवहार्यता का आकलन और इसे लागू करने वाली प्रस्तावित संस्था के क्षमता व योग्यता को जांचने की प्रकिया पूर्ण होने पर कापार्ट वित्त उपलब्ध कराता है। इस योजना के तहत किसी भी गैर सरकारी संगठन को सहायता लचीले तर्ज परशामिल मुद्दें व लक्षित लाभार्थियों के उभरते हुए चिंताओं पर निर्भर करता है।
आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया		इस कार्यक्रम के तहत सहायता के लिए आवेदन पत्र भरने के लिए प्रारूप अन्य प्रौद्योगिकी से सम्बन्धित परियोजनाओ के लिए निर्धारित किये गयेअनुसार होगा। पांच लाख रूपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव सीधे कापार्ट मुख्यालय मे पेश किया जाना चाहिए।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		स्वैच्छिक संस्थाओं या व्यक्तिगत नवोन्नवेषकों के नये प्रौद्योगिकी विचारों का विवरण प्रस्ताव मे होना चाहिए।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा		
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)		

9 योजना का नाम	लाभार्थियों का संगठन
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम	कापार्ट (काउंसिल फार एडवांसमेंट आफ पीपुल्स एक्शन एण्ड रूरल टेक्नालोजी)
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम	क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं सदस्य संयोजक मध्य क्षेत्र क्षेत्रीय समीति कापार्ट पिकप भवन, छठा मंजिल, ब्लाक ए विभुति खण्ड, गोमती नगर लखनउ – 260101 फोन नं 0522 2721696 फैक्स–0522 2721695
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	
परियोजना का विवरण	लाभार्थियों का संगठन कापार्ट की एक वित्त योजना हैं जिसके तहत बीपीएल श्रेणी और ग्रामीण क्षेत्रों के अन्य वंचित तबके के लोगों को उनके सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों के बारे मे जागरूक कर उन्हें देश के सशक्त नागरिक बनने के लिए सक्षम किया जाता है। इसके अलावा यह योजना सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यावरणीय मुद्दों, जो उनके पिछड़ेपन केप्रमुख कारण हो सकते हैं, का समाधान करने का भी प्रयत्न करती है। यह योजना सक्रिय नेटवर्क का समर्थन करके, अनुसूचित जाति/ जनजाति, महिलाओं, भूमिहीन श्रमिकों, शारीरिक विकलांक व्यक्तियों और समाज के दूसरे वंचित वर्गों के हितों की सुरक्षा करके उनके मोलभाव की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता है। यह योजना बड़ी संख्या में गरीब और शोषित लोगों, गरीब वादियों के लिए वैध परामर्श एवं सहयोग के साथ साथ न्याय दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई तक लड़ने के लिए मदद करती है।
मानक योग्यता	1. ग्रामीण क्षेत्रों मे काम कर रहे स्वैच्छिक संगठनों से परियोजना प्रस्ताओं का समर्थन किया जाता है। स्वैच्छिक संगठन के पास अवश्य होना चाहिए • संस्था पंजीकरण अधिनियम 1960 के अन्तर्गत पंजीकृत (या इस नियम के एक राज्य संशोधन), भारतीय न्यास अधिनियम, 1862 या चैरिटेबल और धार्मिक ट्रस्ट अधिनियम 1920 के तहत पंजीकरण • पंजीकरण के पश्चात कम से कम इस क्षेत्र मे 3 वर्षों का कार्य अनुभव 2. समूह व समुदायबड़ी संख्या में गरीब लोगों को प्रभावित करने वाले उन मुद्दों पर संगठित किये जाने चाहिए जिनको संघर्ष जारी रखने का कोई साधन नहीं है 3. कारण और मुद्देविशिष्ट रुप से जमीनी स्तर पर प्रभाव वाले होने चाहिए।वित्त आम तौर पर राष्ट्रीय/क्षेत्रीय बैठको के लिए जारी नहीं किया जाएगा 4. अभियान का किसी राजनीतिक दल के साथ कोई सम्बन्ध नहीं होना चाहिए
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	यह योजना विशेषतः समाजिक रूप से वंचित समूहों, महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजातियों, बंधुआ मजदूरों और अपंग लोगों को उन कारणों/मुद्दोंके लिए समर्थन व संगठन प्रदान करता है जो पर्याप्त रुप से न्यायसंगत और गंभीर है और जहां लाभार्थी अत्यंत गरीब दर्जे से हैं तथा जिनके पास अपना संघर्ष जारी रखने के लिए न तो वित्त है और न ही संगठन। योजना लचीला और व्यापक आधार है और उपरोक्त में से किसी भी सम्बन्धित पहलू को कवर कर सकता है। परंतु इन पर विचार नहीं किया जाएगा • वाहनों की खरीद • भवन निर्माण, प्रशिक्षण केंद्र, संगठन के नियमित कर्मचारियों का वेतन
आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया	प्रत्येक परियोजना प्रस्ताव में प्रस्तावित की गयी गतिविधियों का स्पष्ट वर्णन होना चाहिए। कार्य योजना बनाते समय निम्न पहलुओं को ध्यान मे रखना चाहिए • प्रमुख गतिविधियों का सूचीकरण • इन गतिविधियों का उद्देश्यों और अनुमानित लाभ से सीधा संबंध होना चाहिए • प्रत्येक गतिविधियों के लिए व्ययऔर यथासंभव संभावित समय व घटना क्रमों का सूचिबद्ध उल्लेख करना चाहिए
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	स्वैच्छिक संगठन से परियोजना प्रस्ताव जो उपर्युक्त पहलुओं को शामिल करता है।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

10 योजना का नाम	ग्राम श्री मेला केता–विकेता सभा
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम	कापार्ट (काउंसिल फार एडवांसमेंट आफ पीपुल्स एक्शन एण्ड रूरल टेक्नालोजी)
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम	क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं सदस्य संयोजक मध्य क्षेत्र क्षेत्रीय समीति कापार्ट पिकप भवन, छठा मंजिल, ब्लाक ए विभुति खण्ड, गोमती नगर लखनउ – 260101 फोन नं 0522 2721696 फैक्स–0522 2721695
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	
परियोजना का विवरण	कापार्ट आय सृजन गतिविधियों के प्रति अपने प्रयासों का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों मे बिक्री योग्य सामानों के उत्पादन के माध्यम से निर्देशित करता है। इन उत्पादों को विपणन विक्रय केंद उपलब्ध कराने और इनकी उपस्थिती शहरी बाजारों मे महसूस कराने के लिए कापार्ट के विपणन विभाग ने ग्रामीण कलाकारों के इस कार्य को एक अलग नाम ग्राम श्री के तहत देने का निश्चय किया। ग्राम श्री का शाब्दिक अर्थ ''ग्रामीण धरोहर'' है, यह ग्रामीण उत्पादकों को उनके उत्पादों को सीधे बड़े बाजारों मे बेचने, खरीददारों से बातचीत करने के लिए उनके रूचियों, पसंदो, वरीयताओं का अध्ययन करने और समझने का अवसर प्रदान करता है। इस तरह से उनके उत्पादों और बाजार के कौशल उन्नयन के साथ समायोजन करता है और उपभोक्ता को बड़े विपणन अवसरों से लाभ लेते समय वेहतर सेवा प्रदान करता है देश भर मे ग्राम श्री मेला का आयोजन कुछ चुनिंदा स्वैच्छिक संगठनों के द्वारा दिया जाता है।
मानक योग्यता	• स्वैच्छिक संस्था (वीओ) सोसायटी पंजीकरण अधिनीयम 1860 के या राज्य संशोधन, भारतीय न्यास अधिनियम 1882 या धार्मिक या चैरिटेबल संस्थान पंजीकरण अधिनियम 1920 के तहत पंजीकृत होना चाहिए। • तीन वर्षो का पूर्व अनुभव होना चाहिए • मेलाआयोजित करने वाले स्वैच्छिक संस्थाओंको ग्रामीण शिल्प के आय सृजन करने वाली गतिविधियों/उत्पादन और विपणन आदि संबंधित परियोजनाओ का अनुभव होना चाहिए • वीओ को वित्तीय रुप से मजबूत होना चाहिएऔर उसके वार्षिक आय–व्यय का बजट पिछले तीन वित्तीय वर्षो के दौरान प्रत्येक वर्ष में कम से कम 15 लाख रूपये राज्य की राजधानियों मे मेले आयोजित करने के लिये और राज्य राजधानियों के अलावा अन्य स्थानों पर मेले आयोजित करने के लिये पिछले तीन वित्तीय वर्षो के दौरान प्रत्येक वर्ष में कम से कम 7 लाख रूपये का वार्षिक बजट होना चाहिए। यह वीओ द्वारा जमा किये गए पिछले तीन वर्षो के खातों मे परिलक्षित होना चाहिए • संस्था के पास इस तरह के अवसरों जैसे संगठनात्मक कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, बाजार को बढ़ावा देने वाले, प्रचार और सार्वजनिक संबन्ध को संभालने की योग्यता होनी चाहिए • जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन और स्त्रोत होने चाहिए • स्थानीय सरकार, राज्य/जिले के लाइन विभागों के साथ सौहार्द्धपूर्ण एवं कार्यकारी सम्बन्ध होना चाहिए तथा स्थानीय लोगों, समूहों के साथ अच्छी ख्याति बनी हो। • गैर सरकारी संगठन की उपस्थिति राज्स जहां मेला का आयोजन किया जा रहा हो अवश्य होना चाहिए। • वीओ को कहीं भी पांच वर्ष केअवधि में दो मेलों से ज्यादा के आयोजन के लिए वित्त नहीं प्रदान किया जायेगा
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	कापार्ट द्वारा दिया गया बजट निम्न प्रकार से होगा • ग्राम श्री मेला राज्य के राजधानियोंके अलावा अन्यस्थानों के लिए स्टालों की संख्याः 40 –50 समय सीमा – 10 दिन बजट लगभग 4,50,000 रूपये होगा जिसमे भूमि का किराया शामिल होगा • ग्राम श्री मेला राज्य के राजधानियों के लिए स्टालों की संख्याः 90 –100 समय सीमा – 10 दिन बजट लगभग 10,00,000 रूपये होगा जिसमे भूमि का किराया शामिल होगा स्वैच्छिक एजेंसी केता और विकेता के बैठक का आयोजन करने का प्रबन्ध करेगी तथा

	मेले मे स्थानीय/जिला/राज्य स्तर के लाईन विभागों, सरकार के अधिकारियों के साथ उत्पादों के बिक्री से जुड़े निर्माताओं के साथ क्रेता बिक्रेता की बैठक का आयोजन होगा। ग्राम श्री मेले के कम से कम एक दिन मेला स्थल पर ही क्रेता विक्रेता की बैठक का आयोजन अवश्य किया जाना चाहिए। क्रेता विक्रेता की मेला को सफल बनाने के लिए पर्याप्त महत्व दिया जाना चाहिए और इस प्रकार से ग्रामीण उत्पादको /कारीगरों के हित की मदद करनी चाहिए। सम्बन्धित सरकारी विभागों तथा स्थानीय और राज्य स्तर के उत्पादों के साथ पूर्व से ही समन्वय बनाना चाहिए और लिखित रूप से सुनिश्चित करना चाहिए ताकि ऐसे मेले सफल हो सके।
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	प्रत्येक परियोजना प्रस्ताव में प्रस्तावित की गयी गतिविधियों का स्पष्ट वर्णन होना चाहिए। कार्य योजना बनाते समय निम्न पहलुओं को ध्यान मे रखना चाहिए • ग्राम श्री मेला तथा क्रेता विक्रेता की बैठक का विवरण • प्रत्येक गतिविधियों के लिए व्यय और यथासंभव संभावित समय व घटना क्रमों का सूचिबद्ध उल्लेख करना चाहिए
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	स्वैच्छिक संगठन से परियोजना प्रस्ताव जो उपर्युक्त पहलुओं को शामिल करता है।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	सहायता राशि निम्न रुप में तीन किश्तों मे दी जाएगी • **प्रथम किश्त**: गैर सरकारी संगठनों द्वारा मंजूरी के नियम और शर्तो को विधिवत स्वीकार करने पर प्रथम किश्त 50 प्रतिशत प्रदान किया जाएगा • **द्वितीय किश्त**: स्टालों के निर्माण तथा अन्य व्यवस्थाओं को पूरा करने पर 25 प्रतिशत प्रदान किया जाएगा • **तीसरा किश्त**: मेला रिपोर्ट तथा मेला आयोजन मे हुए व्ययों के प्रमाण पत्र तथा आडिटेड खातों को जमा करने तथा निगरानी समिति मूल्यांकन रिपोर्ट जमा करने पर 25 प्रतिशत की अन्तिम किश्त प्रदान किया जाएगा
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

11	योजना का नाम	अभिनव योजनाएं		
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		केंद्रिय समाज कल्याण बोर्ड		
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम		(मिर्जापुर के लिए) **श्री पुनीत टण्डन** जिला परियोजना अधिकारी टेलीफोन नं0: 9453315422 फैक्स नं0: 05442–253599	(भदोही जौनपुर के लिए) **श्री जवाहर लाल** जिला परियोजना अधिकारी टेलीफोन नं0: 9919649647	(सोनभद्र के लिए) **श्री एन0 पी0 सिंह** जिला परियोजना अधिकारी टेलीफोन नं0: 9454097321
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)				
परियोजना का विवरण		यद्यपि महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड की अनेक योजनाएं और कार्यक्रम हैं तथापि महिलाओं और बच्चों से संबंधित कई ऐसी समस्याएं हैं जो बोर्ड की मौजूदा योजनाओं और कार्यक्रमों के दायरे में नहीं आतीं। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत स्वैच्छिक संगठन ऐसी समस्याएं लेकर आएं जिनके लिए विशेष रूप से ध्यान दिए जाने और विशेष प्रयास किए जाने की जरूरत है। केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड ने महिलाओं और बच्चों के ऐसे समूहों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से अभिनव योजना कार्यक्रम प्रारंभ किया है।		
मानक योग्यता		केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड के कार्यक्रमों के अंतर्गत वित्तीय सहायता का पात्र होने के लिए आवेदक संस्था द्वारा निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना जरूरी है • संस्था उपयुक्त अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो अथवा किसी पंजीकृत कल्याण संगठन की नियमित रूप से गठित शाखा हो (इस उद्देश्य के लिए संस्था का पंजीकृत निकाय से संबद्ध होना ही पर्याप्त नहीं है) • संस्था के पदाधिकारी एक–दूसरे के संबंधी नहीं होने चाहिए • संस्था/संगठन पंजीकरण के पश्चात् कम से कम दो वर्ष तक कार्य कर चुकी हो • संस्था की एक विधिवत गठित प्रबंध समिति होनी चाहिए जिसके अधिकारों/शक्तियों तथा जिम्मेदारियों का लिखित संविधान में स्पष्ट रूप से उल्लेख हो • संस्था के पास योजना को, जिसके लिए अनुदान हेतु आवेदन किया गया है, आरंभ करने के लिए सुविधाएं, संसाधन, कर्मचारी, प्रबंध–कौशल तथा अनुभव होना चाहिए • संस्था की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होनी चाहिए। वह इस स्थिति में हो कि उस कार्यक्रम को पूरा करने हेतु, जिसके लिए बोर्ड द्वारा सहायता दी जा रही हो, आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त धनराशि जुटा सके। इसके अतिरिक्त जहां आवश्यकता हो वहां अपने संसाधनों द्वारा सेवाओं के स्तर को बनाए रख सके • संस्था की सेवाएं भारत के सभी नागरिकों के लिए धर्म, जाति, वर्ण अथवा भाषा के भेदभाव के बिना उपलब्ध होनी चाहिए		
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		अभिनव योजना के अंतर्गत गैर–सरकारी संगठनों/ स्वैच्छिक संस्थाओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वह परियोजना तैयार करें तथा संबंधित क्षेत्र, प्रस्तावित परियोजना की आवश्यकताओं, ध्यान दिए जाने वाले क्षेत्रों, कार्यप्रणाली, उपकरणों, बजट आदि का विवरण दें। इस योजना के लिए कोई निर्धारित बजट नहीं है। गैर–सरकारी संगठन/स्वैच्छिक संगठन पांच वर्षों तक अपना प्रस्ताव भेज सकते हैं, जिसमें संगठन द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों से संबंधित आवश्यक कार्य और बजट को दर्शाया गया हो।		
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया		संस्थाएं केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड की वेबसाइटwww.cswb.gov.inमें ऑनलाइन ई–आवेदन के द्वारा आवेदन कर सकते हैं।		
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		अनुदान के लिए आवेदन के समय निम्न दस्तावेजों को जमा करना होता है • पंजीकरण प्रमाणपत्र की छायाप्रति • संस्था के उपनियम/ आर्टिकल की छायाप्रति • संस्था के पिछले तीन वर्षो का विस्तृत आडिटेड लेखा जोखा। लेखाजोखा सम्पूर्णः संस्था का होना चाहिए न कि किसी एकल परियोजना का • पूर्व तीन वर्षो के वार्षिक रिपोर्ट • वर्तमान प्रबन्धकीय समिति के सदस्यों की सूचि वे एक दूसरे से सम्बन्धित न हों) • आवेदन पत्र पूर्व निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा होना चाहिए तथा संस्था के सचिव या अन्य अधिकृत प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए		

	• उपरोक्त सभी दस्तावेजों को राजपत्रित अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए • एन जी ओ/स्वैच्छिक संस्थाओं के बैंक खातों का विवरण, सभी सम्पर्क विवरणों के साथ ईमेल आईडी भी यदि हो
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	राज्य बोर्ड के समर्थन और सिफारिशों के साथ सभी आवश्यक जानकारियों सहित भेजे गए प्रस्तावों को ही मंजूरी दी जाएगी। योजना में अनुदान का बंटन किस्तों में किया जाएगा • मंजूरी पत्र के नियम व शर्तों की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही अनुदान की पहली किस्त बंटित की जाएगी • आगे की किस्तों का बंटन रिपोर्ट, संतोषप्रद कार्य–निष्पादन और पूर्व के बंटन के लेखों के निपटान के बाद ही किया जाएगा
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

<table>
<tr><td>12</td><td>योजना का नाम</td><td colspan="3">ग्रामीण एवं निर्धन महिलाओं के लिए जागरूकता प्रसार परियोजना</td></tr>
<tr><td colspan="2">विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम</td><td colspan="3">केंद्रिय समाज कल्याण बोर्ड</td></tr>
<tr><td colspan="2">परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम</td><td>(मिर्जापुर के लिए)
श्री पुनीत टण्डन
जिला परियोजना अधिकारी
टेलीफोन नं0: 9453315422
फैक्स नं0: 05442–253599</td><td>(भदोही जौनपुर के लिए)
श्री जवाहर लाल
जिला परियोजना अधिकारी
टेलीफोन नं0: 9919649647</td><td>(सोनभद्र के लिए)
श्री एन0 पी0 सिंह
जिला परियोजना अधिकारी
टेलीफोन नं0: 9454097321</td></tr>
<tr><td colspan="2">परियोजना की अवधि
(प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td colspan="2">परियोजना का विवरण</td><td colspan="3">केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड महिलाओं की स्थिति, अधिकार और समस्याओं से संबंधित मुद्दों पर समुदाय में जागरूकता लाने के लिए जागरूकता प्रसार परियोजना कार्यक्रम लागू कर रहा है। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं ग्रामीण एवं निर्धन महिलाओं की जरूरतों का पता लगाना, परिवार और समुदाय में निर्णय प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ाना। इनमें महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार सहित विकास के मुद्दे शामिल हैं। इसके तहत उन्हें सूचना दी जाती है और उन्हें शिक्षित भी किया जाता है। शिविर के विषय इस प्रकार हैं– महिलाओं की स्थिति, महिला एवं कानून, महिला एवं स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, महिला प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण, महिला एवं राज्य सरकार, धर्म, संस्कृति एवं महिला, महिला एवं अर्थव्यवस्था, महिला एवं सामाजिक कार्रवाई, पंचायत एवं ग्राम सभा, राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव और कानूनी जानकारी।</td></tr>
<tr><td colspan="2">मानक योग्यता</td><td colspan="3">केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड के कार्यक्रमों के अंतर्गत वित्तीय सहायता का पात्र होने के लिए आवेदक संस्था द्वारा निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना जरूरी है
• संस्था उपयुक्त अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो अथवा किसी पंजीकृत कल्याण संगठन की नियमित रूप से गठित शाखा हो (इस उद्देश्य के लिए संस्था का पंजीकृत निकाय से संबद्ध होना ही पर्याप्त नहीं है)
• संस्था के पदाधिकारी एक–दूसरे के संबंधी नहीं होने चाहिए
• संस्था/संगठन पंजीकरण के पश्चात् कम से कम दो वर्ष तक कार्य कर चुकी हो
• संस्था की एक विधिवत गठित प्रबंध समिति होनी चाहिए जिसके अधिकारों/शक्तियों तथा जिम्मेदारियों का लिखित संविधान में स्पष्ट रूप से उल्लेख हो
• संस्था के पास योजना को, जिसके लिए अनुदान हेतु आवेदन किया गया है, आरंभ करने के लिए सुविधाएं, संसाधन, कर्मचारी, प्रबंध–कौशल तथा अनुभव होना चाहिए
• संस्था की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होनी चाहिए। वह इस स्थिति में हो कि उस कार्यक्रम को पूरा करने हेतु, जिसके लिए बोर्ड द्वारा सहायता दी जा रही हो, आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त धनराशि जुटा सके। इसके अतिरिक्त जहां आवश्यकता हो वहां अपने संसाधनों द्वारा सेवाओं के स्तर को बनाए रख सके
• संस्था की सेवाएं भारत के सभी नागरिकों के लिए धर्म, जाति, वर्ण अथवा भाषा के भेदभाव के बिना उपलब्ध होनी चाहिए</td></tr>
<tr><td colspan="2">परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण</td><td colspan="3">• स्वैच्छिक संगठन उस क्षेत्र का सर्वेक्षण करेगा, जहां वह जागरूकता शिविर आयोजित तथा लक्षित समूह तैयार करना चाहता है
• इस योजना के अंतर्गत एक शर्त आयोजकों के लिए प्रशिक्षण भी है। यह प्रशिक्षण बोर्ड द्वारा चुने हुए प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा दिया जाएगा।
• शिविर की अवधि आठ दिन है।
• लाभार्थी: 20–25 महिलाएं

योजना बजट
<table>
<tr><th>क्र.स.</th><th>विवरण</th><th>अनुमोदित बजट (रु.)</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>आयोजकों को मानदेय एवं यात्रा–व्यय</td><td>3,000</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>शिविर का खर्च जिसमें खाने–रहने, सहभागियों की यात्रा, मानदेय एवं विशेषज्ञों की यात्रा, पढ़ने–लिखने की सामग्री, प्रशासनिक खर्च एवं आकस्मिकताएं शामिल हैं।</td><td>3,000</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>अनुवर्ती गतिविधियां जिनमें गांव में बैठकों, सहभागियों के लिए अल्पावधि शिविर,</td><td>2,000</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

		अधिकारियों एवं स्वैच्छिक अभिकरणों के साथ बैठक और अनुवर्ती कार्यक्रम प्रारंभ करने का खर्च शामिल है।	
	4.	सहभागियों को भत्ते	2,000
		योग	**10,000**

.

आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	संस्थाएं केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड की वेबसाइटwww.cswb.gov.inमें ऑनलाइन ई–आवेदन के द्वारा आवेदन कर सकते हैं।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	अनुदान के लिए आवेदन के समय निम्न दस्तावेजों को जमा करना होता है • पंजीकरण प्रमाणपत्र की छायाप्रति • संस्था के उपनियम/ आर्टिकल की छायाप्रति • संस्था के पिछले तीन वर्षो का विस्तृत आडिटेड लेखा जोखा। लेखाजोखा सम्पूर्णः संस्था का होना चाहिए न कि किसी एकल परियोजना का • पूर्व तीन वर्षो के वार्षिक रिपोर्ट • वर्तमान प्रबन्धकीय समिति के सदस्यों की सूचि वे एक दूसरे से सम्बन्धित न हों) • आवेदन पत्र पूर्व निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा होना चाहिए तथा संस्था के सचिव या अन्य अधिकृत प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए • उपरोक्त सभी दस्तावेजों को राजपत्रित अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए • एन जी ओ/स्वैच्छिक संस्थाओं के बैंक खातों का विवरण, सभी सम्पर्क विवरणों के साथ ईमेल आईडी भी यदि हो
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	• अनुदान पाने वाली संस्था शिविर संपन्न होने के एक महीने के भीतर दो दिन की अनुवर्ती कार्रवाई करेगी ताकि उस क्षेत्र में शिविर के प्रभाव का पता लगाया जा सके। • शिविर संपन्न होने के तुरंत बाद उसके प्रभाव का आकलन, लक्षित समूह की प्रतिक्रिया (फीडबैक), प्रशिक्षण प्रदान करने की पद्धति संबंधी जानकारी तथा शिविर के फोटोग्राफ और लेखा–विवरण बोर्ड को भेजे जाएं। लेखा–विवरण का निपटान शिविर के आयोजन के एक महीने के भीतर किया जाए।
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

13	योजना का नाम	कच्ची सामग्री सहायता
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम		राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड औद्योगिक क्षेत्र नैनी, डाकघर – उद्योग नगर नैनी, इलाहाबाद उत्तर प्रदेश दूरभाष 0532– 2697218, 2697214 एनएसआईसी टोल फ्री नं. 1800111955
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		
परियोजना का विवरण		कच्ची सामग्री सहायता स्कीम का लक्ष्य कच्ची सामग्री (देशी और आयातित दोनों) की खरीद के वित्तपोषण द्वारा लघु उद्योगों/उद्यमों की सहायता करना है। यह लघु उद्योंगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के विनिर्माण पर बेहतर रूप से ध्यान केन्द्रित करने का अवसर देता है।
मानक योग्यता		लघु उद्योग/उद्यम
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		• 90 दिनों तक कच्ची सामग्रियों की अधिप्राप्ति के लिए वित्तीय सहायता • लघु उद्योगों को थोक खरीद, नकद छूट आदि जैसे खरीद मे मितव्ययिता प्राप्त करने में सहायता दी गई • राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम आयातों के मामले मे सभी कार्यविधियों, प्रलेखीकरण और साख – पत्र जारी करने का ध्यान रखता है
आवेदन तथा फालो अप की प्रकिया		उद्यमियों से केवल निर्धारित आवेदन प्रपत्र पर ही कच्ची सामग्री सहायता के लिए आवेदन करना अपेक्षित है। निगम के वेबसाइट से डाउनलोड किये गये आवेदन प्रपत्र भरे और संबंधित क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों को प्रस्तुत किए जा सकते है। खाली प्रपत्र भी आंचलिक और शाखा कार्यालयों से निःशुल्क उपलब्ध है।
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		विधिवत भरा गया आवेदन प्रपत्र आवेदन प्रसंस्करण शुल्क (राष्ट्रीय लघु उद्योग निगमलिमिटेड के पक्ष मे बैंक ड्राफ्ट /भुगतान आदेश के द्वारा) के साथ प्रस्तुत किया जाना है।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा		• राष्ट्रीय लघु उद्योग निगमद्वारा प्रारंभिक आंकलन और इकाई का निरीक्षण किया जाता है • ईकाई की सीमा की स्वीकृति किया जाता है • राष्ट्रीय लघु उद्योग निगमऔर इकाई के बीच करार पर हस्ताक्षर किया जाता है • ईकाई को सहायता का वितरण किया जाता है
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)		

14 योजना का नाम	बैंक ऋण सुविधा योजना
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम	राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम	राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड औद्योगिक क्षेत्र नैनी, डाकघर – उद्योग नगर नैनी, इलाहाबाद उत्तर प्रदेश दूरभाष 0532 – 2697218, 2697214 एनएसआईसी टोल फ्री नं. 1800 111 955
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	
परियोजना का विवरण	• सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम यूनिटों की ऋण सम्बन्धी जरूरतों को पूरा करने के लिए एनएसआईसी ने विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी क्षेत्र के बैंको के साथ समझौता किया है। एनएसआईसी इन बैंको के सहायोग से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से बिना कोई मूल्य लिए उन्हें .ऋण सहायता (निधिक अथवा गैर निधिक आधारित सीमा) दिलाने की व्यवस्था करता है। • इसके अतिरिक्त सूक्ष्म लघु एवं मध्यम, उद्यम एनएसआईसी के पैनल पर रखी गयी स्वतंत्र प्रतिष्ठित एवं व्यावसायिक ऐजेंसियों से अपनी रेटिंग सक्षमता बढ़ा सकते हैं। पैनल पर रखी गयी रेटिंग ऐजेंसियां क्रिसिल. ओनिकरा. स्मेरा. डी एण्ड बी केयर फिच. ब्रिकवर्क एवं इकरा हैं। सूक्ष्म एवं लघु उद्यम न केवल एनएसआईसी की परफॉर्मेंस एवं क्रेडिट रेटिंग स्कीम के अन्तर्गत अपनी पसंद की किसी भी रेटिंग एजेंसी से अपनी रेटिंग करा सकते हैं बल्कि उन्हे कारोबार मे स्थिर रूप से अपनी साख बढ़ाने तथा बैंको से आसान शर्तों पर समय से ऋण प्राप्त करने मे भी मदद मिलती है।
मानक योग्यता	सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग उद्यमों के धन व समय की बचत के लिए एनएसआईसी उनके ऋणसम्बन्धीप्रस्तावों के दस्तावेजों को पूरा करता है तथा उन्हे बैंक को प्रस्तुत करता है।
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	बैंको से बैंक क्रेडिट सुविधा स्कीम के अन्तर्गत ऋण आवेदन उपयुक्त फार्म में जमा करते हैं। फार्म डाउनलोड करने के लिए बैंको की बेबसाईट के पते हैं 1. ऐक्सिस बैंक –www.axisbank.com 2. बैंक ऑफ महाराष्ट्र –www.bankofmaharashtra.in 3. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया –www.centralbankofindia .co.in 4. चाइना ट्रस्ट कमर्सियल बैंक –www.chinatrustindia.com 5. एचएसबीसी –www.hsbc.co.in 6. ओरियन्टलबैंक आफ कामर्स –www.obcindi.co.in 7. स्टेट बैंक आफ हैदराबाद –www.sbhyd.com 8. यूको बैंक www.ucobank.com 9. बैंक ऑफ इंडिया –www.bankofindia.com 10. यूनाईटेड बैंक आफ इंडिया–www.unitedbankofindia.com 11. बैंक आफ बड़ौदा –www.bankofbaroda .com 12. यस बैंक –www.yasbank.in 13. इंडसइंड बैंक –www.indusind.com 14. विजया बैंक –www.vijayabank.com 15. फेडरल बैंक –www.fedral-bank.com 16. कारपोरेशन बैंक –www.corpbank.com 17. स्टेट बैंक ऑफ त्रावनकोर –www.statebankoftravancore.com 18. इलाहाबाद बैंक –www.allahabadbank.com 19. इंडियन बैंक –www.indianbank.com
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	परियोजना प्रस्ताव जो उपर्युक्त पहलुओं को शामिल करता है।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

15 योजना का नाम	राष्ट्रीय समता निधि
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम	भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम	सिडबी टावर, 15, अशोक मार्ग लखनउ – 226001, उत्तर प्रदेश फोन नं0– 0522–2288547/48/49/50
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	
परियोजना का विवरण	भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के तहत राष्ट्रीय समता कोष पांच प्रतिशत सेवा शुल्क पर लघु एवं निम्न स्तर के उद्योग इकाइयों को समता वित्त सहायता प्रदान करती है। इस योजना का कार्यक्षेत्र 2000–2001 मे बढ़ाकर ऋण की सीमा को 6.25 लाख रूपये से बढाकर 10 लाख रूपया और परियोजना लागत की सीमा 25 लाख से बढ़कर 50 लाख रूपये कर दी गई है।
मानक योग्यता	परियोजना के अन्तर्गत निम्न सहायता के योग्य हैं • छोटे और लघु स्तर के क्षेत्रों मे वस्तुओं के निर्माण, संरक्षण, या प्रसंस्करण के लिए नयी परियोजनायें, उनके स्थान से फर्क नहीं पड़ता है (केवल महानगर के इकाइयों को छोड़कर) • मौजूदा छोटे और लघु स्तर के औद्योगिक इकाइयों और सेवा उद्योगों जैसा कि उपर लिखित है (वे भी शामिल हैं जो पूर्व मे एनईएफ के सहायता का लाभ उठा चुके हैं) जो विस्तार, नवीकरण, तकनीकी उन्नयन और विविधिकरण का कार्य कर रही हैं (केवल महानगर को छोड़कर) • छोटे और लघु स्तर के क्षेत्रों के बीमार ईकाईयां जिनमे सेवा उद्योग भी शामिल है जैसा की उपर वर्णित है जो कि संभावित रूप से व्यवहार्य माना जाता है, इकाइयों के स्थान के बावजूद (महानगरीय क्षेत्रों मे इकाइयों को छोड़कर) • सभी औद्योगिक एवं सेवा गतिविधियां (केवल सड़क परिवहन संचालक को छोड़कर)
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	• यह योजना छोटे स्तर के उद्योगों को वित्तीय सहायता दीर्घकालिक समता के प्रकार का पूंजी बीज के ऋण प्रदान करती है • प्रमोटर के योगदान जो कि परियोजना के कीमत का 10 प्रतिशत है मे कोई परिवर्तन नहीं होगा। हालांकि इस योजना के तहत सुलभ ऋण सहायता की सीमा को 1.5 लाख रूपये से बढ़ाकर प्रत्येक परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक कर दिया गया है जो कि अधिकतम प्रति योजना 10 लाख रूपया है • परियोजना लागत (कार्यशील पूंजी के लिए मार्जिन मनी को शामिल करके) नयी परियोजना के सम्बन्ध मे 50 लाख से अधिक नहीं होने चाहिए व मौजूदा इकाइयों और सेवा क्षेत्र के उद्योगों के सम्बन्ध मे विस्तारण/नवीकरण/तकनीकी उन्नयन या विविधिकरण पर हुए परिव्यय 50 लाख रूपये प्रति परियोजना से अधिक नहीं होना चाहिए • निवेश का 30 प्रतिशत छोटे इकाइयों के लिए निर्धारित है • प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की एक नाममात्र की सेवा शुल्क पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	परियोजना प्रस्ताव जो उपर्युक्त पहलुओं को शामिल करता है।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

16	योजना का नाम	प्रौद्योगिकी विकास एवं आधुनिकीकरण निधि
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम		भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम		सिडबी टावर, 15, अशोक मार्ग लखनउ – 226001, उत्तर प्रदेश फोन नं0– 0522–2288547/48/49/50
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)		प्रौद्योगिकी विकास और आधुनिकीकरण निधि योजना को 01.09.1997 से बढ़ाया गया है।
परियोजना का विवरण		सिडबी ने छोटे पैमाने पर लघु उद्योग के क्षेत्र मे मौजूदा औद्यागिक ईकाईयों को प्रोत्साहित करने के लिए, उनके उत्पादन सुविधाओं के आधुनिकीकरण और सुधार के लिए, अद्यतन प्रौद्योगिकी को अपनाने जिससे कि उनके निर्यात क्षमता मजबूत हो, उद्योगों की सीधी सहायता के लिए तकनीकी विकास एवं आधुनिकीकरण योजना की स्थापना की है।इस योजना के तहत सहायता पूंजीगत उपकरणों को खरीदने, तकनीकी ज्ञान, प्रसंस्करण तकनीकी को अद्यतन करने के लिए, उत्पादों की गुणवत्ता मे सुधार, पैकेजिंग मे सुधार, टीक्यूएम और आईएसओ 9000 के प्रमाणपत्र के प्राप्ति पर हुए व्ययों को पूरा करने के लिए सहायता उपलब्ध है।
मानक योग्यता		परियोजना में इकाइयां जो पहले से ही अपने उत्पादों का निर्यात कर रही हैं या निर्यात करने के लिए आधुनिकीकरण योजना को अपनाकर उत्पादन का कम से कम 25 प्रतिशत निर्यात क्षमता रखती हैं वित्तीय सहायता के पात्र हैं बशर्ते कि वे तीन वर्ष से कार्य कर रहीं हों और किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थानों से डिफाल्टर न हों। सिड्बी ने 1996 मे एसएफसी और समर्थक बैंको को 50 लाख रूपये लागत तक के आधुनिकीकरण परियोजनाओं को ऋण प्रदान करने की अनुमति प्रदान किया है। गैर उत्पादक इकाइयां, और इकाइयां जो लघु स्तर के उद्योग क्षेत्र से बढ़ गये हैं इस योजना से सहायता लेने के पात्र हैं।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण		इस योजना के तहत सहायता आवश्यकता आधारित है जो कि न्यूनतम 10 लाख रुपये प्रति इकाई के अधीन है
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया		
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज		परियोजना प्रस्ताव जो उपर्युक्त पहलुओं को शामिल करता है।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा		
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)		

17 योजना का नाम	वेंचर कैपिटल योजना
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम	भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम	सिडबी टावर, 15, अशोक मार्ग लखनउ – 226001, उत्तर प्रदेश फोन नं0– 0522–2288547/48/49/50
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	
परियोजना का विवरण	वेंचर कैपिटल छोटे और मध्यम आकार की कंपनियों के लिए वित्त के एक महत्वपूर्ण स्त्रोत के रूप मे उभर रहा है विशेष रूप से व्यवसाय और व्यापार के विस्तार को शुरू करने के लिए। भारतीय लधु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)एक सार्वजनिक वित्त संस्था है जो वेंचर कैपिटल के लिए वित्त प्रदान करने का कार्य करती है। सिड्बी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड के माध्यम से संचालित होती है। यह राज्य स्तर के धन को सह वित्त प्रदान करती है और कभी कभी मामले दर मामले के आधार पर निजी क्षेत्र के वेंचर कैपिटल के साथ सह निवेश करती है।
मानक योग्यता	लघु उद्योग के अभिक्रमों/ उप करार ईकाईयों को पूंजी उपकरणों को प्राप्त करने के लिए, निर्यात क्षमता के विकास करने के लिए/आयात का प्रतिस्थानापन्न निर्माण तथा कुल गुणवत्ता के नियंत्रण मे लगे लागत को और आईएस ओ 9000 के प्रमाणपत्र के प्राप्ति के लिए सहायता दिया जाता है।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	सिडबी बेंचर कैपिटल लिमिटेड ने ग्रोथ फंड की स्थापना की है। इस निधि में आठ वर्ष की अवधि के लिए 500 करोड़ रूपये का एक लक्षित कोष है।एसएमई ग्रोथ फण्ड भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ वेंचर कैपिटल फंड के रूप मे पंजीकृत किया गया है तथा इकाई योजना के तहत बनाया गया है जो कि भारत मे महत्वपूर्ण व्यापार गतिविधि के लिए प्राथमिक इक्विटी या इक्विटी से सम्बन्धित व्यवसाय मे निवेश कर सके। यह वित्त अपने अंशदाताओं के लिए आकर्षक दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि के माध्यम से जोखिम समायोजन रिटर्न हासिल करना चाहती है।निधि को पूर्ण रूप से निवेश किया गया है और वर्तमान मे यह विनिमेश के चरण मे है।
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	परियोजना प्रस्ताव जो उपर्युक्त पहलुओं को शामिल करता है।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	

18 योजना का नाम	महिला उद्यम निधि
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम	भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम	सिडबी टावर, 15, अशोक मार्ग लखनउ – 226001, उत्तर प्रदेश फोन नं0– 0522–2288547/48/49/50
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	
परियोजना का विवरण	महिला उद्यम निधि (एमयूएन) महिला उद्यमियों को आसान ऋण (अर्द्ध समता) सामान्य अवधि के ऋण के अलावा छोटे पैमाने पर और छोटे इकाइयों की स्थापना के लिए तथा सेवा क्षेत्र के स्थापना लिए भी प्रदान करता है तथा ऐसे महिला उद्यमी सिडबी के पुनर्वित्त योजना के अन्तर्गत पात्र है।
मानक योग्यता	• छोटे और लघु स्तर के क्षेत्रों के नयी परियोजनाओं मे उत्पादन, संरक्षण या माल के प्रसंस्करण जो कि निवेश की सीमा कीपूर्ति करता है (छोटा उद्यम सभी औद्योगिक इकाईयों और सेवा क्षेत्रों को शामिल करता है, केवल सड़क परिवहन संचालकों को छोड़कर) • मौजूदा छोटे और छोटे पैमाने पर औद्योगिक इकाइयों और सेवा उद्यमों जैसा कि उपर वर्णित है (वे भी जो पहले इस ऋण का लाभ उठा चुके हों) जो विस्तार, नवीकरण, तकनीकी उन्नयन और विविधिकरण का कार्य कर रही हैं • सेवा उद्यमों सहित छोटे और छोटे पैमाने पर बीमार इकाईयों के रूप मे जैसा की उपर वर्णित हैजो कि संभावित रूप से व्यवहार्य माना जाता है। • लघु स्तर के उद्योग के क्षेत्र के सभी औद्योगिक और सेवा क्षेत्र (केवल सड़क परिवहन संचालको को छोड़कर)की गतिविधियां • परियोजनायें जो किसी भी प्रकार से केन्द्र/राज्य सरकारों, राज्य वित्तीय निगम और अन्य राज्य स्तरीय संस्थानों या बैंकों (राज्य निवेश सब्सिडी को छोड़कर) के तहत मार्जिन रूपये या बीज/ विशेष पूंजी सहायता का लाभ उठाया हो इस योजना के तहत सहायता के लिए पात्र नहीं है।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	परियोजना कीमत का 25 प्रतिशत सरल ऋण जो कि 2.5 लाख रूपये तक प्रति परियोजना पर निर्धारित ऋण इक्विटी अनुपात (डीईआर) जो कि 1.857:1 है को बनाए रखने के लिए (राज्य सब्सिडी को छोड़कर जिसे कार्यशील पूंजी के लिए रोका गया है) तथा परियोजना लागत का 10 प्रतिशत जो कि प्रवर्तकों का स्वयं का अंश है को लेने के बाद। इसके अलावा मियाद ऋण सिडबी के पुनर्वित्त योजना के अन्तर्गत समान्य मानदण्डों पर स्वीकृत किया जा सकता है। खरीदी के मालबंधन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य बैंक द्वारा स्वीकार्य तीसरी पार्टी। सरल ऋण के सम्बन्ध मे उधारकर्ता से प्रतिभूति सुरक्षा सहित किसी भी प्रकार के सुरक्षा के लिए जोर नहीं दिया जाएगा। • सरल ऋण पर केवल 1 प्रतिशत सेवा प्रभार देय है जो उधार कार्यालय द्वारा रखा जा सकता है। • मियादी ऋणः समय समय सूचित ब्याज दरों के आधार पर या पुनर्वित्त योजना के अन्तर्गत सिडबी द्वारा समय समय पर निर्धारित किया गए दर यदिपुनर्वित्त योजना का लाभ उठाया गया हो। ऐसे प्रचलित दरों के लिए सम्बन्धित शाखा से सम्पर्क किया जा सकता है। • सरल ऋण 10 वर्ष के अंदर प्रतिदेय है(प्रारम्भिक अधिस्थगन काल जो कि 5 वर्ष से अधिक का नहीं है को शामिल करके)। हालांकि सरल ऋण की अदायगी की अवधि मियाद ऋण के समान ही होगी। • परियोजना लागत (कार्यशील पूंजी को शामिल करके) नयी परियोजना के सम्बन्ध मे 10 लाख रूपये से अधिक नहीं होना चाहिए। मौजूदा इकाइयों और सेवा उद्यमों के सम्बन्ध मे विस्तार/आधुनिकीकरण/तकनीकी उन्नयन या विविधिकरण या पुनर्वास पर परिव्यय 10 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए।
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	आर्थिक रूप से व्यावहारिक प्रस्ताव
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	सरल ऋण मंजूरी के नियम और शर्तो के अनुसार ही तथा जब प्रमोटर अपने अंश को पूर्ण रूप से लगा चुके हों तब ही रिलिज किया जाना होता है। ऋण के अनुमोदन, वितरण और रिकवरी के लिए बैंक को सिड्बी के अभिकर्ता के रूप मे कार्य करना होता है।
शिकायत निवारण प्रणाली(यदि लागू हो)	

19 योजना का नाम	संबृद्धि पूंजी तथा ईक्विटी सहायता
विभाग/अभिकरण /स्थान का नाम	भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
परियोजना से सम्बन्धित /के लिए प्रमुख अधिकारी (खण्ड/जिला व राज्य स्तर पर) का नाम तथा पदनाम	सिडबी टावर, 15, अशोक मार्ग लखनउ – 226001, उत्तर प्रदेश फोन नं0– 0522–2288547/48/49/50
परियोजना की अवधि (प्रारंभ व अंत तिथि, यदि लागू हो)	
परियोजना का विवरण	यह परियोजना उनके लिए है जो • व्यवसाय की संवृद्धि की अपनी आकांक्षा पूरी करने के लिए पर्याप्त पूंजी चाहते हैं, किन्तु अपने स्वामित्व अधिकार मे किसी प्रकार की कमी नहीं करना चाहते हैं • विपणन, ब्रांड निर्माण, वितरण–तंत्र की स्थापना, तकनीकी जानकारी, अनुसंघान एवं विकास, सॉफ्टवेयर खरीदने, आदि मे निवेश करना चाहते है, किंतु आम तौर पर जिन ऋणदाओं के पास जाते हैं वे इन अमूर्त आस्तियों के प्रति आश्वस्त नहीं है • आस्ति सुरक्षा/संपार्श्विक प्रतिभूति के सामर्थ्य के बजाय, अपने व्यवसाय के बल पर और नकद प्रवाह पर आधारित वित्तीय सहायता जुटाना चाहते हैं • मूलधन की किस्तों पर शुरू मे लम्बी ऋण स्थगन अवधि की इच्छा रखते है। ताकि उनके उद्यम की सफलता की अधिक संभावनायें सुनिश्चित हो सकें
मानक योग्यता	वे मौजूदा लघु एवं मध्यम व्यवसाय, जिन्हें अपने उद्यम/ व्यवसाय के संवृद्धि के लिए पूंजी की आवश्यकता है । भारत सरकार (एमएसएमई अधिनियम) की परिभाषा के अनुसार, अत्यंत लधु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) हों, और सिड्बी के मौजूदा ग्राहक (आंतरिक श्रेणी निर्धारण मानदंड पूरा करने वाले)। या पिछले 3 वर्षो मे लाभ कमाने और 2 वर्षो का संतोषजनक बैंकिंग ऋण की पृष्ठभूमि रखने वाली इकाइयां (आंतरिक श्रेणी निर्धारण मानदंड पूरा करने वाले)। क्रिसिल, इक्रा, डीएंड बी, स्मेरा, आदि से प्राप्त स्वीकार्य बाह्य श्रेणी निर्धारण वांछनीय होगा।
परियोजना के अर्न्तगत होने वाले लाभों का विवरण	• संवृद्धि पूंजी ईक्विटी सहायता योजना के अंतर्गत, मेजनाइन/परिवर्तनीय लिखतों गौण ऋणों और ईक्विटी (पात्र मामलों मे) के रूप मे सहायता प्रदान की जाती है। इस अर्द्ध रूपी सहायता के चुकौती मे ऋण स्थगन अवधि अधिक और संरचना लचीली है। • प्रवर्धन/विस्तार/आधुनिकीकरण परियोजनाओं के लिए वित्तीय स्त्रोतों की कमी पूरी करना। विशेषकर अमूर्त आस्तियों मे निवेश के लिए दीर्घकालिक संरचित सहायता तक पहुंच। • सिडबी से ईक्विटी/गौण सहायता प्राप्त होने से अधिकाधिक ऋण निधियां जुटाने मे सुविधा • ईक्विटी निवेश से जुड़ी उद्यम मूल्यांकन, निकासी प्रावधान, आदि जैसी जटिलताओं से बचाव • प्रतिभूति (ऋण आधारित लिखतों के मामलें में)लाभग्रही ईकाई की उपलब्ध आस्तियों और सिडबी की सहायता से सृजित आस्तियों पर प्रभार • प्रवर्तकों की व्यक्तिगत गारंटी सीजीबीएमएसई सुरक्षा, जहां लागू हो
आवेदन तथा फालो अप की प्रक्रिया	
प्रासंगिक आवश्यक दस्तावेज	परियोजना प्रस्ताव जो उपर्युक्त पहलुओं को शामिल करता है।
समय सीमा जिसके पश्चात आवेदक को लाभ दिया जायेगा	
शिकायत निवारण प्रणाली (यदि लागू हो)	